**कार्यालय संवाददाता, जबलपुर.** बंगाली समाज अब अपने विवाद खुद सुलझाएगा। बंगाली समाज के सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र के माध्यम से यह संभव होने जा रहा है। मप्र हाईकोर्ट के प्रशासनिक जज और मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव ने शनिवार को सिटी बंगाली क्लब में बंगाली समाज के मध्यस्थता केन्द्र का वर्चुअल शुभारंभ किया। शुभारंभ की घोषणा होते ही सिटी बंगाली क्लब के अध्यक्ष सुब्रत पाल ने दीप प्रज्वलित किया। इस मौके पर जिला न्यायाधीश नवीन कुमार सक्सेना भी मौजूद थे। प्राधिकरण की सदस्य-सचिव गिरिबाला सिंह ने बताया कि सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम विवादों का सरल तथा त्वरित निराकरण कराता है। कार्यक्रम में सुब्रत पाल, प्रकाश शाह, डॉ. समीर मित्रा, सुमाना चटर्जी, सुजाता मजुमदार आदि उपस्थित थे। पी-4

दैनिक भास्कर Sun, 06 June 2021 https://epaper.bhaskarhindi.com/c/60944

The inaugural was also marked with observing World Environment Day through tree plantation by Members of the Bengali Community headed by President of City Bengali Club Mr. Subrata Pal in presence of Secretary Mr. Prakash Shah, Dr. Sameer Mitra, Mrs. Sumana Chatterjee and other dignitaries. Certificates were also distributed to respective 15 trained participants of Bengali community.



**मध्यस्थता केंद्र का ई-उद्‍घाटन**

**जबलपुर.** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्तर पर मध्यस्थता की संकल्पना का प्रचार किया। इसके तहत बंगाली समुदाय के लिए आयोजन हुआ। कार्यपालक अध्यक्ष हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में सिटी बंगाली क्लब, करमचंद चौक में बंगाली समुदाय के मध्स्थता केंद्र का ई-उद्धाटन किया गया। इस दौरान जिला सत्र न्यायाधीश नवीन कुमार सक्सेना, प्राधिकरण की सदस्य सचिव गिरिबाला सिंह, अतरिक्त सचिव मनोज कुमार सिंह, उप सचिव अरविंद श्रीवास्तव मौजूद रहे।

At the Office of MP State Legal Services Authority 574, South Civil Lines Jabalpur, PPE Kits donated by Narmada Gelatin Company were handed over to Dr. C.B. Arora Civil Surgeon Govt. Victoria Hospital Jabalpur while Officers/officials of MPSLSA along with of Dr. Sanjay Jain and Dr. KK Verma also planted trees.

# मीडिएशन के लिए मामले रेफर करेगा पुलिस महिला हेल्प डेस्क

माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय, म0प्र0 उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन तथा माननीय न्यायमूर्ति श्री प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायाधिपति, म0प्र0 उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा–निर्देश में म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा ऊर्जा हेल्प डेस्क को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित किये जाने हेतु **दिनांक 09 से 11 जून 2021** तक तीन दिवसीय ऑन लाइन मीडिएशन प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला हेल्प डेस्क तथा डायल 100 पर महिलाओं के विरूद्ध अपराधों के संबंध में प्राप्त शिकायतों व विवादों को कम्युनिटी मीडिएशन वालेन्टियर द्वारा मीडिएशन प्रक्रिया के माध्यम से न्यायोचित निराकरण के उद्देश्य से म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न जिलों के महिला हेल्प डेस्क प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारियों को सम्मिलित किया गया था ।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम निश्चित ही एक सराहनीय पहल होगी जिससे महिला हेल्प डेस्क की स्थापना का उद्देश्य भी सार्थक होगा । पुलिस महिला हेल्प डेस्क पर विवाद आने की स्थिति में मीडिएशन योग्य मामलों को कम्युनिटी मीडिएशन वालेंटियर को रेफर किया जाएगा । इसी संदर्भ में मीडिएशन प्रक्रिया के मूलभूत प्रावधानों से अवगत कराने के लिये यह ऑन लाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया । म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं महिला अपराध शाखा के समन्वय के परिणामस्वरूप यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नारी सशक्तीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है ।



# Mediation Awareness Programme

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन द्वारा दिनांक 12.06.2021 को जिला स्तरीय मीडिएशन मॉनीटरिंग कमेटी की बैठक एवं मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में विशेष न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, रजिस्ट्रार जिला न्यायालय एवं अन्य न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण व मीडिएटर्स उपस्थित रहे। शिविर में मीडिएशन एवं कंसीलिएशन में अंतर, रेफरल में सावधानी विषय पर विस्तृत जानकारी दी। सचिव, द्वारा मीडिएशन प्रकरणों का मासिक एवं पाक्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया एवं प्रकरण रेफर करने की प्रक्रिया एवं मीडिएशन रूल्स 2016 के बारे में जानकारी दी गई और इस प्रक्रिया के तहत अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किये जाने की अपील की गई।



## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण होशंगाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण होशंगाबाद द्वारा दिनांक 12.06.2021 को ऑनलाइन माध्यम से मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त पैरालीगल वालेंटियर्स को मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण एवं बाल श्रम दिवस के उपलक्ष्य में बाल श्रम से संबंधित कानूनी जानकारी प्रदान की गई।



# Glimpses of Mediation Awareness Programme




DLSA JHABUA



DLSA KHANDWA



DLSA MANDLESHWAR



DLSA BURHANPUR




DLSA PANNA



DLSA NARSINGHPUR

# Media News.....

## मध्यप्रदेश में आम आदमी को न्याय दिलाने के लिये सबसे अच्छी शुरुआत

### भोपाल-जबलपुर से : छुटपुट विवादों से जुड़ी शिकायतें निपटाने की कोशिश

# डॉयल 100 में आने वाली मामूली शिकायतों विवादों का अब मध्यस्थता से होगा समाधान

जबलपुर | DBStar

मध्यप्रदेश में न्याय दिलाने की एक नई और सकारात्मक पहल की शुरूआत संस्कारधानी जबलपुर और प्रदेश की राजधानी भोपाल से शुरू हो रही है। अगर सब कुछ सही रहा तो यह पहल पूरे प्रदेश में काम करती हुई दिखाई देगी। प्रयोग के तौर पर इन दो जिलों में इसका संचालन अगले कुछ ही दिनों में चालू हो जाएगा। यह पहल मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा शुरू की जा रही है। जिसके तहत डॉयल 100 पर पहुंचने वाले मामूली विवादों, महिला संबंधी अपराधों से लेकर छोटे विवादों को पुलिस थाना की दहलीज के बाहर ही मध्यस्थता के माध्यम से निबटाया जाएगा। ताकि परिवार टूटने से बचें और विवाद में समझौता हो सके। ऐसे मामलों को ऑनलाइन ही मिडिएटर के माध्यम से एक सप्ताह के अंदर सुलझाने की कोशिश होगी। इतना ही नहीं ऐसे मामलों की मध्यस्थता की पूरी रिपोर्ट तक तैयार होगी। जिसका पूरा सिस्टम तैयार किया गया है।




**डॉयल 100 में आती है घरेलू मामलों की शिकायतें/** अब कोई भी विवाद हो या कोई भी वारदात हो हर एक सूचना लोग डॉयल 100 को देते हैं। कई बार देखने में आता है कि मामूमी विवादों में भी कॉल करके पुलिस को बुला लिया जाता है। मामला पुलिस थाना पहुंचता है तो बिना संवाद ही एफआईआर तक कहानी पहुंच जाती है। कई बार आपसी घरेलू मामलों में भी जिन में समझौता हो सकता है। संवाद से बात सुलझ सकती है वह मामले भी बिना संवाद किये थाना से कोर्ट तक पहुंच जाते हैं। इसलिए अब ऐसे मामूली झगड़े,छोटे मोटे विवादों को इस नई पहले के माध्यम से मध्यस्थता करके हल किया जा सकेगा।

**ऊर्जा डेस्क की रहेगी अहम् भूमिका**

थानों में महिलाओं से संबंधित अपराधों की सुनवाई के लिए ऊर्जा डेस्क बनाई गई है। अब इस नई पहल के तहत इनकी जिम्मेदारी बढ़ गई है। यहां पर भी आने वाले मामलों की मध्यस्थता ऑनलाइन की जाएगी। महिला अपराध को निबटाने की विंग से भी इन मिडिएटर्स को जोड़ा जाएगा। मिडिएटर्स के पास दो से सात दिन ही मामला रहेगा।

**ऑनलाइन होगी मध्यस्थता की प्रक्रिया**

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने वैसे तो इस प्रक्रिया को प्रारंभिक तौर पर जबलपुर भोपाल से शुरू कर रही है। लेकिन तैयारी प्रदेश के हर जिले में भी हो रही है। जहां पर दो से तीन मिडिएटर वांलटियर्स तैयार किए हैं। इनमें रिटायर्ड जज, आईपीएस, समाजसेवी, अधिवक्ता आदि को शामिल किया गया है। डॉयल 100 पर आने वाले शिकायती कॉल को पहले इन मिडिएटर्स के पास फॉरवर्ड किया जाएगा। मिडिएटर्स दोनों पक्षों से चर्चा करने के बाद रिपोर्ट थाने और डायल 100 को भेजेंगे। ताकि विवाद में समझौता हो सके। फिलहाल मिडिएटर्स ये काम मोबाइल फोन या वीडियो कॉल की मदद से करेंगे।

**मामूली विवादों की बढ़ रही संख्या**

किसका विवाद किससे हो जाये यह कहा नहीं जा सकता। मामूली मामले भी जो संवाद से हल हो सकते हैं वह भी थाना पहुंच जाते हैं। देखने में आया है कि मामूली मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है। जबलपुर में हर साल घरेलू विवाद के मामले बढ़ रहे हैं। जिसमें पति-पत्नि के बीच विवादों से लेकर ,घरेलू विवाद, पड़ोसियों के बीच होने वाले झगड़े, एक्सीडेंट मामले, किराएदार और मकान मालिक के बीच होने वाले विवाद आदि की संख्या बढ़ रही है।

**मध्यस्थता से हल होंगे मामूली मामले**

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा छोटे विवादों को थाने के बाहर मध्यस्थता के माध्यम से हल करने के लिए प्रदेश में यह पहल शुरू की जा रही है। अभी जबलपुर और भोपाल में यह प्रक्रिया चालू की जा रही है। इसके बाद प्रदेश के अन्य जिलों में इसे चालू किया जाएगा। हमारी पूरी तैयारी हो गई है। पुलिस कर्मचारियों को भी ट्रेनिंग दी जा चुकी है।•

**गिरीबाला सिंह,** सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

www.readwhere.com

## मध्यस्थता जागरूकता शिविर ऑनलाईन आयोजित

आचरण, गुना। प्रशिक्षित मध्यस्थों को वास्तविक एवं सार्थक प्रयास के साथ मध्यस्थता कार्यवाही संपादित करना होगी। तभी मध्यस्थता प्रक्रिया से सफल मामलों की संख्या को गति मिलेगी और तभी मध्यस्थता जैसी सरल एवं निष्पक्ष प्रक्रिया का लाभ अधिकतर पक्षकारों को प्राप्त हो सकेगा। उक्त विचार प्रधान जिला न्यायाधीश राजेश कुमार कोष्टा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना द्वारा वर्चुअल रूप से आयोजित मध्यस्थता जागरूकता शिविर में व्यक्त किए। साथ ही श्री कोष्टा ने शीघ्र ही मध्यस्थता प्रकरणों की सुनवाई के लिए प्रशिक्षित न्यायाधीश मध्यस्थतों की ड्यूटी प्रत्येक शनिवार को मीडिएशन सेंटर में लगाये जाने की बात भी कही। कार्यक्रम में न्यायाधीशगण धरमिंदर सिंह, एके मिश्र, रवि प्रकाश जैन, प्रदीप दुबे, हर्ष सिंह बहरावत, सचिन कुमार घोष द्वारा भी मध्यस्थता प्रक्रिया के संबंध में अपने विचार रखे गये। इस अवसर पर संजय चतुर्वेदी, शशांक खरे, राकेश कुमार, प्राची पाण्डेय सहित अन्य न्यायाधीशगण ऑनलाईन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपक शर्मा ने किया।




Tue, 22 June 2021

दैनिक भास्कर

## सार्थक प्रयास से ही मध्यस्थता को मिलेगी गति : कोष्टा

**गुना, देशबन्धु।** प्रशिक्षित मध्यस्थों को वास्तविक और सार्थक प्रयास के साथ मध्यस्थता कार्यवाही संपादित करना होगी। तभी मध्यस्थता प्रक्रिया से सफल मामलों की संख्या को गति मिलेगी और तभी मध्यस्थता जैसी सरल एवं निष्पक्ष प्रक्रिया का लाभ अधिकतर पक्षकारों को प्राप्त हो सकेगा। उक्त विचार प्रधान जिला न्यायाधीश राजेश कुमार कोष्टा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना द्वारा वर्चुअल रूप से आयोजित मध्यस्थता जागरूकता शिविर में व्यक्त किए। साथ ही श्री कोष्टा ने शीघ्र ही मध्यस्थता प्रकरणों की सुनवाई के लिए प्रशिक्षित न्यायाधीश मध्यस्थतों की ड्यूटी प्रत्येक शनिवार को मीडिएशन सेंटर में लगाये जाने की बात भी कही। कार्यक्रम में न्यायाधीशगण धरमिंदर सिंह, एके मिश्र, रवि प्रकाश जैन, प्रदीप दुबे, हर्ष सिंह बहरावत, सचिन कुमार घोष द्वारा भी मध्यस्थता प्रक्रिया के संबंध में अपने विचार रखे गये। इस अवसर पर संजय चतुर्वेदी, शशांक खरे, राकेश कुमार, प्राची पाण्डेय सहित अन्य न्यायाधीशगण ऑनलाईन उपस्थित रहे।




## मध्यस्थता जागरुकता शिविर में दी प्रकरणों की जानकारी



**मंडलेश्वर** | जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में शनिवार को एडीआर भवन में मध्यस्थता जागरूकता शिविर लगाया। जिला न्यायाधीश ने कहा- मध्यस्थता वर्तमान समय की प्रबल आवश्यकता है। इससे व्यक्ति, समाज व परिवार में आपसी समझौते के माध्यम से न्याय सरलता से मिलता है। विवादों में निपटारे की बात शांति, भाईचारा, सौहार्द की भावना कायम रहती है। मध्यस्थता की प्रक्रिया गोपनीय व निर्णय अंतिम होता है। प्रत्येक न्यायाधीश व अधिवक्ताओं को मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरण का निराकरण किए जाने का पूरा प्रयास करना चाहिए। शिविर में अपर जिला न्यायाधीश व सचिव भारतसिंह रावत, संजीव कुमार गुप्ता, अरुण कुमार खरादी, संगीता डावर मौर्य, एके महिवाल, रॉबिन दयाल, कार्तिक जोशी, रूपेश शर्मा, एचआर कानूनगो, सुदर्शन जोशी, निशा कौशल, गोपाल ताम्रकर, लवकेश हिरवे, सोनू ठाकुर व अन्य मौजूद थे।

## पत्रिका खंडवा

### डिस्ट्रिक्ट अपडेट

**बैठक**

## आपसी विवाद खत्म करने मध्यस्थता एक बेहतर रास्ता



**खंडवा @ पत्रिका.** एडीआर सेंटर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में शनिवार को मध्यस्थता जागरुकता कार्यक्रम व मध्यस्थता मॉनिटिरिंग समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष एलडी बौरासी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व परिवार न्यायालयके संयुक्त तत्वावधान में किया गया। अध्यक्षता प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रविन्द्र सिहं कुशवाह ने की। बैठक में अतिथियों ने मध्यस्थता के संबंध में विचार व्यक्त किए तथा मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण कराने के संबंध में चर्चा की।

इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश प्रकाश चन्द्र आर्य, चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश किरण सिहं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव हरिओम अतलसिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी चन्द्रेश मंडलोई, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रविन्द्र पाथरीकर, जिला अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष अरुण दुबे व लोक अभियोजक सुनील चन्देल सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

# Lok Adalat Programmes

## Preparation of National Lok Adalat dated 10.07.21

### Online meeting organized under the chairmanship of Hon'ble Executive Chairman for monitoring of National Lok Adalat and other subjects.

-----------

On 22.06.2021 under the able guidance of Hon'ble Chief Justice and Patron-in- Chief, an online meeting was organized under Chairmanship of Hon'ble Justice Shri Prakash Shrivastava Executive Chairman, Madhya Pradesh State Legal Services Authority, Jabalpur.

In the meeting, necessary directions were given by the Hon'ble Executive Chairman regarding successful organization and disposal of maximum number of cases in the upcoming National Lok Adalat.



TheHitavada

Jabalpur City Line | 2021-06-23 | Page- 4
ehitavada.com

**MPLSA holds online meet to monitor National *Lok Adalat***

■ Staff Reporter

THE Madhya Pradesh State Legal Services Authority (MPLSA) has on Tuesday organised an online meeting under the guidance of Chief Justice and Patron-in-Chief, Justice Mohammad Rafiq and Justice Prakash Shrivastava Executive Chairman, MPSLSA for monitoring of National *Lok Adalat* and other allied subjects.

During the meeting, necessary directions were given by the Executive Chairman regarding successful organization and disposal of maximum number of cases in the upcoming National *Lok Adalat*.

As per the direction of National Legal Services Authority, New Delhi, the ensuing National Lok Adalat is to be organised on July 10, in which all types of compoundable civil and criminal pending cases including pre-litigation, bank recovery related matters, matters related to labour disputes, electricity and water tax/bill related matters (only compoundable cases) etc. will be taken up.

In National *Lok Adalat* the parties will be able to resolve their disputes amicably through mutual consent. The National Lok Adalat will be organized at High Court, District Courts/Taluka Courts, Labour Courts, Family Courts.

Apart from that, directions were also given for conducting blood donation camp on June 26, detailed instructions regarding training programmes of panel advocates and PLVs, taking effective steps for speedy filing of appeals for prisoners, early redressal of cases of children residing in Observation Homes, timely feeding of information on NALSA portal etc.

During the meeting, Member Secretary Giribala Singh, Additional Secretary Manoj Kumar Singh, Deputy Secretary Arvind Shrivastava, Legal Aid Officers Zeeshan Khan and Jitendra Mohan Dhurve were also present.

Powered by Bharati Web Pvt Ltd

Apart from this an online meeting of all the government departments in the State of Madhya Pradesh was organized on 24.06.2021 under Chairmanship of Hon'ble Shri Justice Prakash Shrivastava Executive Chairman, Madhya Pradesh State Legal Services Authority for successful organization of National Lok Adalat through maximum disposal of cases.

The said meeting was attended by ACS and Principal Secretary level officer




of departments including Home, Health Department, Finance Department, General Administration Department, Women and Child Development Department, Law and Legislative Affairs, Energy Department, Labor Department, Revenue Department, Transport Department, Cooperative Department, Urban Development Department, Panchayat Rural

Development Department, Director General, Prisons, Director Public Prosecution, officers of the state were present.

As per the direction of National Legal Services Authority, New Delhi, the upcoming National Lok Adalat is to be organized on **10th July, 2021**, in which all types of compoundable Civil and Criminal cases including Pre-litigation, Bank recovery, Labor Disputes, electricity and water tax/bill (only compoundable matters) etc. will be placed in which the parties will be able to make efforts to resolve the matters by mutual conciliation and consent in a cordial atmosphere. The said National Lok Adalat will be organized from High Court level to District Courts/Taluka Courts, Labor Courts, Family Courts.

Apart from this, in the meeting, directions were also given for conducting blood donation camp effectively on 26.06.2021, detailed instructions regarding training programmes of panel advocates & PLVs, taking effective steps for speedy filing of appeals for prisoners, early redressal of cases of children residing in Observation Homes, timely feeding of information on NALSA portal etc.





DLSA KHANDWA



DLSA HOSHANGABAD



DLSA BURHANPUR




DLSA RAJGARH




DLSA NARSINGHPUR



DLSA HARDA




DLSA GUNA



DLSA SEHORE



DLSA DAMOH



DLSA HARDA

न किसी की जीत, न किसी की हार

## लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा प्रकरण रखे जाएँ

कार्यालय संवाददाता, जबलपुर| मप्र हाईकोर्ट प्रशासनिक जज और मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकर के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव निर्देश दिया कि 10 जुलाई को होने वाली नेशनल लो अदालत में ज्यादा से ज्यादा प्रकरण रखे जाएँ। इस साथ ही प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति आधार पर किया जाए। कार्यपालक अध्यक्ष ने यह निर्दे ऑनलाइन समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में कहा ग कि 26 जून को प्रस्तावित रक्तदान शिविर का प्रचा प्रसार किया जाए। बैठक में पैरालीगल वॉलेंटिय पैनल अधिवक्ताओं के लंबित बिलों का भुगतान ज करने के निर्देश दिए गए। पैनल अधिवक्ताओं प्रशिक्षण और बंदियों की अपील को जल्द प्रस्तुत क के लिए कहा गया है। बैठक में प्राधिकरण की सद सचिव गिरीबाला सिंह, अतिरिक्त सच्चिव मनोज कुम

## नेशनल लोक अदालत की तैयारी की ऑनलाइन समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के प्रशासनिक जज और मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव ने 10 जुलाई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की ऑनलाइन समीक्षा की। जस्टिस श्रीवास्तव ने कहा कि लोक अदालत में आपसी सहमति के आधार पर अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जाए। समीक्षा बैठक में पैरालीगल वॉलेंटियर्स व पैनल अधिवक्ताओं के लंबित बिलों के भुगतान, पीएलवी व पैनल अधिवक्ताओं के प्रशिक्षण, कार्यक्रम, बंदियों की अपील यथाशीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

Fri, 25 June 2021
https://epaper.bhaskarh

## ऑनलाइन बैठक में नेश लोक अदालत की समी

जबलपुर@ पत्रिका. मध्य प्रदेश राज्य विधिक से के कार्यपालक अध्यक्ष व मध्य प्रदेश हाईकोर्ट न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में अ लोक अदालत की समीक्षा सहित अन्य विषय ऑनलाइन बैठक हुई। अतिरिक्त सचिव मनोज बताया कि कार्यपालक अध्यक्ष ने नेशनल लोव अधिक से अधिक प्रकरणों के परस्पर सहमति से लेकर दिशा-निर्देश जारी किए। साथ ही 26 जून रक्तदान शिविर को लेकर भी निर्देश दिए। पैरालीग व पैनल अधिवक्ताओं के लम्बित बिलों के भुगता पैनल अधिवक्ताओं के प्रशिक्षण, कार्यक्रम, बंदि यथाशीघ्र प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। बाल र निवासरत बच्चों के प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, सेवा प्राधिकरण के पोर्टल पर जानकारियों की सम आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। इस सचिव गिरिबाला सिंह, उप सचिव अरविंद श्रीवा सहायता अधिकारी जीशाल खान व जीतेंद मोहन

## नेशनल लोक अदालत 10 जुलाई को. न्यायाधीशगणों की बैठक आयोजि



यूथ अपडेट, बुरहानपुर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष/प्रभारी जिला न्यायाधीश श्री के.एस. बारिया एवं प्रधान न्यायाधीश श्री एम.पी. तिवारी के मार्गदर्शन में एक्शन प्लॉन ऑन मीडिएशन के अंतर्गत मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण एवं रेफर्ड करने के संबंध में हेतु वीडियो कान्फ्रेंसिंग हॉल में सभी न्यायाधीशगणों के मध्य बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मध्यस्थता हेतु रोस्टर प्रणाली पर चर्चा की गई एवं प्रकरणों को सफलतापूर्वक निराकृत करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री नरेन्द्र पटेल ने मध्यस्थता कार्यवाही एवं आगामी लोक अदालत के संबंध में चर्चा की। दिनांक 10 जुलाई 2021 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में राजीनामा प्रकरणों को शीघ्र चिन्हित करने उनके पक्षकारों के मध्य प्रीसि करवाने तथा सूचना पत्र करवाये जाने हेतु चर्चा प्रीलिटिगेशन प्रकरणों को रखे हेतु भी अवगत कराया गया। स द्वारा समस्त न्यायाधीशगणों मध्यस्थता कार्यवाही में अधि अधिक प्रकरणों के सफल विवादों के निराकरण के प्र किये जाने तथा आगामी अदालत में अधिक प्र निराकृत करने के प्रयास किये का आग्रह किया गया, जि पक्षकारों के मध्य विवादों का हो और सौहार्दपूर्ण वाता निर्मित हो। बैठक में अपर न्यायाधीश श्री तपेश कुमार दुबे राकेश कुमार पाटीदार, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री धीरेन्द्र मण्डलोई एवं अन्य न्यायाधी उपस्थित रहे।

## लोक अदालत में होगा राजीनामा के योग्य मामलों का निराकरण

### दस जुलाई को होगा आयोजन, तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

ताप्ती दर्शन, **बैतूल**

**जिले के प्रधान जिला न्यायाधीश अफसर जावेद खान की अध्यक्षता में बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राजीव कुमार कर्महे, प्रधान विशेष न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आदेश कुमार मालवीय सहित अधिवक्ता उपस्थित रहे।**




बैठक में जिला न्यायाधीश श्री खान ने जानकारी दी कि आगामी 10 जुलाई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन सम्पूर्ण जिले में किया जा रहा है। इस नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक, सिविल, धारा 138, चेक बाउंस के मामले, भरण-पोषण, वैवाहिक, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण तथा विद्युत की चोरी से संबंधित प्रकरणों तथा अन्य प्रकरणों का निराकरण दोनों पक्षकारों की उपस्थित में आपसी राजीनामे से किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि वे इस नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने में सहयोग प्रदान करें। बैठक में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बीके पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व अन्य न्यायाधीश भी उपस्थित रहे।

## लोक अदालत 10 जुलाई को , जिला न्यायाधीश ने ली बैठक




सत्ता सुधार, गुना

इस वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत 10 जुलाई को जिला स्तर पर एवं तालुका न्यायालय चांचौड़ा, राघौगढ़, आरोन में आयोजित होगी। लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में राजेश कुमार कोष्टा प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा जिला मुख्यालय के न्यायिक अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने सभी न्यायाधीशों को व्यक्तिगत रूचि लेकर नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण कराए जाने के प्रयास किए जाने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर न्यायाधीशगण धरमिन्दर सिंह राठौड़, काशिफनदीम खान, एके मिश्र, जिला जज संजय चतुर्वेदी, अश्वाक अहमद खान, वर्षा शर्मा, हर्षसिंह बहरावत, प्रदीप कुमार दुबे, सचिन कुमार घोष, मोनिका आध्या, मुनेद्र सिंह वर्मा, जिला रजिस्ट्रार तनवीर खान, एमके वर्मा, भूपेन्द्र सिंह कुशवाह, नितिन वर्मा, अमोघ अग्रवाल, ऋचा द्विवेदी, प्रीति परिहार, बृजेश कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

**The Hitavada**

ur City Line | 2021-06-25 | Page-
ehitavada.com

## BRIEFS

### Online meet of all Govt deptts for *Lok Adalat* held

■ Legal Correspondent

AN ONLINE meeting of all government departments in the State was organised under the guidance of Justice Mohammad Rafiq, Chief Justice and Patron-in-Chief, Madhya Pradesh State Legal Services Authority and Chairmanship of Justice Prakash Shrivastava Executive Chairman, MPSLSA for successful organisation of National *Lok Adalat* through maximum disposal of cases.

The meeting was attended by ACS and Principal Secretary level officer of departments including Home, Health Department, Finance Department, General Administration Department, Women and Child Development Department, Law and Legislative Affairs, Energy Department, Labor Department, Revenue Department, Transport Department, Cooperative Department, Urban Development Department, Panchayat Rural Development Department, Director General, Prisons, Director Public Prosecution etc.

As per the direction of National Legal Services Authority, New Delhi, the ensuing National Lok Adalat would be organised on July, 10, in which all types of compoundable Civil and Criminal cases including Pre-litigation, Bank recovery, Labor Disputes, electricity and water tax, bill (only compoundable matters) etc. would be placed. The parties would be able to make efforts to resolve the matters by mutual conciliation and consent in a cordial atmosphere. The National Lok Adalat would be organized from High Court level to District Courts/Taluka Courts, Labor Courts, Family Courts.

Powered by Bharati Web Pvt Ltd

# Celebrating World Environment Day (05.06.2021)

It is to bring to kind notice that 05th June 2021 commenced with addressing Secretaries of all DLSAs with a view to analyze the work done over the last year, areas which would need improvement and steps to be taken to mark the World Environment Day 2021keeping in view the local needs of the concerned district.

It was resolved that all DLSAs shall undertake intensive collaboration with the Forest Department and other government functionaries to ensure that awareness and implementation of government policies on environment protection are conducted in such manner that an equilibrium is maintained in protecting rights not only of the local population especially tribals but also environmental needs.

It is apt to mention that Madhya Pradesh has adopted the 'Panch J' concept namely conservation of Jal (Water), Jungle (Forest), Jameen (Land), Jan (People) and Jaanwar (Animals) as an essential step in maintaining the ecosystem along with addressing needs of those persons whose livelihood is dependent on environment. This scheme has been taken up keeping in view the guidelines under NALSA- (Effective implementation of Poverty alleviation) Scheme 2015 & (Protection & Enforcement of Tribal Rights) Scheme 2015.

The government has been requested to appoint Nodal Authorities upto the Taluka Level for concentrating on positive environmental outcomes such as ground water recharge, soil protection, water and biodiversity conservation, sustainable food production. Apart from this it has been resolved that issues of land degradation shall be examined and efforts shall be made to build local resilience to the effect of climate change such as moisture stress, delayed outset of rainfall, droughts and floods.

The *Nandan Phal Scheme* for plantation of fruit bearing trees and *Kapil Dhara Scheme* for rejuvenating water bodies has been planned along with measures for water conservation and water harvesting, horticulture plantation on land owned by SC,ST, BPL, Small Farmers and Marginal Farmers, renovation of traditional water bodies including distilling of tanks, drought proofing (including afforestation).

The focus has been on spreading awareness on three (3) "R"s - Reduce, Reuse & Recycle, composting of food waste and enriching the soil, choosing reusable over single-use, creativity through up-cycling , taking care of animals, wildlife as they are an integral part of the ecosystem- any break in the food-chain leads can be counter-productive.

The World Environment Day 05th June 2021 was marked with online inauguration of Bengali Community Mediation Centre by Hon' ble the Executive Chairman MPSLSA and a tree plantation programme at the Centre.




Online Inauguration of Bengali Community Mediation Centre by Hon'ble Executive Chairman



Tree Plantaiton by Members of Bengali Community

At the Office of MP State Legal Services Authority, PPE Kits along with Masks and Handgloves were donated by Narmada Gelatin Company were handed over to Civil Surgeon Govt. Victoria Hospital Jabalpur and the Officers/officials of the Victoria Hospital participated with MPSLSA for tree plantation.





Handing Over PPE Kits & Tree Plantation at MPSLSA

## Cleaning the banks of the River Narmada DLSA-DHAR









## Online Programme with participating government authorties by DLSA JHABUA along with tree plantation drive





## Glimpses of Tree Plantation Acitivities by other DLSAs




DLSA ALIRAJPUR



DLSA ANUPPUR




DLSA ASHOKNAGAR



DLSA BALAGHAT



DLSA RAJGARH




DLSA BETUL



DLSA BURHANPUR




DLSA CHHATARPUR



DLSA CHHINDWARA




DLSA GUNA



DLSA HARDA



DLSA HOSHANGABAD



DLSA SEONI



DLSA KATNI




DLSA KHANDWA




DLSA MANDLA



DLSA MANDLESHWAR




DLSA MANDSAUR






**DLSA JABALPUR**

**DLSA SHEOPUR**





**DLSA NEEMUCH**

**DLSA PANNA**

*Environment is a gift to us, save and secure it.*

*........Anynomous*

# FROM THE PRINT & ELECTRONIC MEDIA

**पर्यावरण संरक्षण** • आनलॉइन परिचर्चा में जुड़े जिला जज, शिक्षक और पर्यावरणविद

## महामारियों को जन्म देता है पर्यावरण का असंतुलन

भास्कर संवाददाता | झाबुआ

विश्व पर्यावरण दिवस पर शनिवार को जजों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने न्यायालय परिसर स्थित न्याय वाटिका में सुबह 10 बजे जिला जज श्रीमान राजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में किया। जजों ने फलदार व छायादार पौधे रोप प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया।


न्याय वाटिका में पौधारोपण करने पहुंचे न्यायाधीश।

कार्यक्रम में पंच-ज की अवधारणा जल, जंगल, जमीन, जन और जानवर के संतुलित पर्यावरणीय विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाने के साथ पेड़-पौधों, नदी तालाब, पशु-पक्षियों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समाज के साथ मिलजुलकर कार्य करने पर बल दिया गया। विशेष न्यायाधीश महेंद्र सिंह तोमर, अपर जिला जज संजय चौहान, राजकुमार चौहान, हर्ष ठाकुर, तनवी माहेश्वरी ठाकुर, अमन सुलिया, अधिवक्ता अखिलेश संघवी, स्वप्निल सक्सेना, महमूद शेख, राजेंद्र संघवी, सचिन सिसौदिया दीपक भंडारी मौजूद थे।

### परिचर्चा में पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा की

पौधारोपण के बाद दोपहर 12 से 1 बजे तक स्कूल शिक्षा विभाग एवं वन विभाग के सहयोग से पर्यावरण सुरक्षा एवं स्वास्थ्य रक्षा विषय पर ऑनलाइन परिचर्चा हुई। जिसमें जिले के प्राचार्य एवं शिक्षक, पर्यावरणविद्, चिकित्सक एवं योगाचार्य ने जुड़कर पर्यावरण संरक्षण के संबंध में अपने विचार रखे। अपर जिला जज राजेश देवलिया ने कहा पर्यावरण की सुरक्षा के बिना मानव जीवन भी सुरक्षित नहीं है और सभी को मिलजुलकर पौधारोपण, जल संचयन, नदी तालाबों की साफ-सफाई आदि के कार्य करने चाहिए। कोरोना जैसी महामारी पर्यावरण के असंतुलन से ही होती है। जिला वन मंडलाधिकारी एमएल हरित एवं जिला शिक्षा अधिकारी ज्ञानेंद्र ओझा ने ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा और देखरेख करने की बात कही। चिकित्सक एवं योगाचार्य दीपेश टेलर, शिक्षक अशोक खंडेलवाल, लोकेंद्र चौहान ने अपने विचार व्यक्त किए।

---

**खंडवा**

## प्राणवायु के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी घर-आंगन में पौधे लगाने का संकल्प लें

**विश्व पर्यावरण दिवस :** विधिक सेवा प्राधिकरण ने वनग्राम गुलईमाल में वनों का संरक्षण व पौधे लगाने का संकल्प दिलाया

भास्कर संवाददाता | खंडवा

विश्व पर्यावरण दिवस एवं भारत अमृत महोत्सव अभियान के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आदिवासी वनग्राम गुलईमाल में आयुष्मान भारत योजना एवं आपदा प्रबंधन विषयों पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधिक सेवा संस्था अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश एलडी बौरासी के मार्गदर्शन में शासन द्वारा निर्धारित कोरोना गाइडलाइन के अनुसार आयोजित किया गया। दूर वनग्राम गुलईमाल में भारत सरकार के स्फूर्ति परियोजना के तहत संचालित बेम्बू क्राफ्ट क्लस्टर गुलईमाल के संचालक संस्था मनमोहन कला समिति के समन्वय से आयोजित कार्यक्रम में अतिथि श्यामा बौरासी, विशेष अतिथि मीरा अतलसिया, अपर सत्र न्यायाधीश व सचिव हरिओम अतलसिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई एवं भूतपूर्व सैनिक अनिल पटिल के आतिथ्य में आदिवासी कारीगरों द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर बनाई गई। वृक्ष बंधन बेम्बो ईकोफ्रेंडली प्लान्टेबल राखी का विमोचन किया गया। गुलईमाल में अतिथिगण द्वारा पंच-ज अभियान अन्तर्गत पौधारोपण किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्यामा बौरासी ने ग्रामीण आदिवासी वर्ग से कहा कि भारत गांवों में बसता हैं और गांवों में प्राकृतिक संसाधनों और कुशल श्रम की अपार संभावना हैं, आदिवासी बाहुल्य गांव गुलईमाल में बेम्बू क्राफ्ट क्लस्टर सेंटर के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणजन को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का स्वर्णिम अवसर प्राप्त हुआ हैं। कार्यक्रम के दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव हरिओम अतलसिया ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की आदिवासी वर्ग को विधिक सेवा योजनाओं की जानकारी देकर योजना का लाभ उठाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा संस्था द्वारा कमजोर एवं पिछड़े वर्ग को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाती हैं। आयुष्मान भारत योजना एवं कोरोना मुक्त ग्राम योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सभी ग्रामीणों को अपने घर-आंगन में पौधे लगाने का संकल्प दिलाया गया।

जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई ने लोक अदालत, मध्यस्थता योजना, भारत का अमृत महोत्सव, जिला शिकायत निवारण प्राधिकरण, एवं विभिन्न विधिक सेवा योजना, नालसा की योजना की जानकारी देकर कोरोना से सुरक्षा एवं रोकथाम के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ग्रामीणों को कोरोना सुरक्षा किट वितरित की गई।


गुलईमाल में वृक्ष बंधन बेम्बो ईकोफ्रेंडली राखी का विमोचन करते अतिथिगण।

### इकोफ्रेंडली राखी के माध्यम से घर-घर 50 हजार पौधे रोपित करेंगे

बांस शिल्पकला कृति के राखियों का विमोचन भी किया गया। पैरालीगल वालंटियर मोहन रोकड़े ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्लस्टर के कारीगर द्वारा 50 हजार वृक्ष बंधन बेम्बों ईकोफ्रेंडली राखी के माध्यम से घर-घर में 50 हजार पौधे रोपित करवाने की कार्ययोजना बनाई गई है। अतिथियों द्वारा पूर्व में सेन्टर पर रक्तदान शिविर करने वाले 23 युवक युवतियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पैरालीगल वालंटियर अजय भलराय, प्रभुलाल मसानी, महेश नायक एवं संस्था के आशीष ठाकुर, शंकर कवड़े, दीपक राव उपस्थित रहे। आभार विक्रम आवासे ने माना।

### पीपल का पौधा लगाने की अपील की

खंडवा | विश्व पर्यावरण दिवस पर शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में जिला सत्र न्यायाधीश एलडी बौरासी ने परिसर में पीपल का पौधा लगाकर सभी को वृक्षारोपण करने की अपील की। इस अवसर पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रविंद्र सिंह कुशवाह, विशेष न्यायाधीश पीसी आर्य, न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल सोनी द्वारा भी न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। उधर, कोरोना महामारी को रोकने के लिए जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को जिला अस्पताल के सहयोग से विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान जिला सत्र न्यायाधीश व अन्य न्यायाधीशों सहित न्यायालयीन कर्मचारियों ने कोविड जांच करवाई। इस अवसर पर एडीजे किरण सिंह, सुधीर कुमार चौधरी, सूरज सिंह राठौर, सीजेएम लक्ष्मण कुमार वर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट मधुलिका मूले, नमिता द्विवेदी, सपना पटवा, राहुल सोनी, विपेन्द्र सिंह यादव, सौम्या साहू, आयुषी गुप्ता, जिला नाजिर मनोज कुलकर्णी, अध्यक्ष अल्केश गुप्ता, संजय बिंद, जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई व कर्मचारीगण मौजूद थे।

---

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलेभर में हुए पौधारोपण के कार्यक्रम

*गुना, देशबन्धु।* विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में विभिन्न पौधारोपण एवं अन्य कार्यक्रम हुए। इस मौके पर स्मृति वन में जिलाधीश फ्रैंक नोबल ए के साथ शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने 2 दर्जन से अधिक पौधारोपण कर वृक्ष महोत्सव 2021 का शुभारंभ किया। इस दौरान पौधरोपण शहर के कोरोना दिवंगतों की स्मृति को समर्पित किया। मप्र शासन की अंकुर योजना में एक सैकड़ा छात्रों व युवाओं ने अपने पौधे के साथ फोटो अपलोड किए। इन अप्लोडेड पौधों की देख रेख की जिम्मेदारी ली एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अनुच्छेद 51 की शपथ ली। यह आयोजन स्मृति वन समिति के तत्वाधान में हुआ। जिसमें पर्यावरण की संस्था एपको, नगरपालिका, टीम नेकी, जितेंद्र कोचिंग, रोबिन हुड आर्मी, टीम पंचायती भोजनशाला आदि की वोलेंटियर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन पुष्पराग शर्मा ने एवं आभार प्रो. दहीभाते ने माना।





***जनाभियान परिषद ने पीजी कॉलेज में किया पौधारोपण :*** वहीं मप्र जनअभियान परिषद ब्लॉक गुना अंतर्गत अंकुर कार्यक्रम के तहत पीजी कॉलेज परिसर के वनस्पति उद्यान में पौधारोपण कालेज प्राचार्य डॉ बीके तिवारी की उपस्थित में हुआ। इस अवसर पर जिला समन्वयक मंजूषा सालोमन, ब्लॉक समन्वयक अमित गोयल तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। पौधारोपण उपरांत अंकुर कार्यक्रम के तहत वायुदूत एप पर फोटो अपलोड किए गए। कालेज परिसर मे लगभग दो दर्जन विभिन्न प्रकार के पौधारोपण किए। अंत में आभार अमित गोयल विकासखंड ने माना।

***गायत्री परिवार ने शुरू किया पौधा रोपण कार्यक्रम :*** गायत्री परिवार द्वारा स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में गायत्री परिजनों द्वारा स्वयं के घरों में, माता की बाड़ी और शक्तिपीठ जैसे प्रतिष्ठानों में स्वर्ण जयंती स्मृति उपवन नर्सरी तैयार की जा रही है। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर ऑनलाइन पौधारोपण कार्यक्रम आरंभ हुआ। यह कार्यक्रम श्रावण मास की पूर्णमा तक चलेगा। युवा प्रकोष्ठ के सुरेंद्र प्रजापति एवं सुनील सेन ने बताया कि गायत्री परिजनों ने सार्वजनिक स्थान, पार्क, श्मशान आदि स्थानों पर पौधारोपण कर दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी के तहत सजल और प्रखर प्रजापति ने कटहल का पौधा रोपण किया।

***पौधारोपण कर पुराने पौधों का मनाया जन्मदिन :*** इधर शासकीय माध्यमिक विद्यालय पुरानी छावनी गुना में पौधारोपण किया गया। पर्यावरण प्रभारी शिक्षक अनिल भार्गव ने बताया कि विद्यालय के शिक्षकों द्वारा पौधारोपण किया गया। जिसमें फलदार, छायादार एवं फूलों के पौधे लगाकर पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही विगत वर्ष रोप गए पौधों का जन्मदिन भी मनाया गया। इस अवसर प्रधानाध्यापक एसएस परिहार, अनिल भार्गव, प्रमोद चौधरी, सुरेंद्र सिंह चौहान, महेश राजपूत, रामदयाल कुशवाह सहित स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार के सहयोग से विद्यालय की 9 रसोईया महिलाकर्मियों को सूखी राशन सामग्री भेंट की।

***रोटरी क्लब एवं नपा ने टेकरी पर रोपे 101 पौधे :*** इधर रोटरी क्लब एवं नगरपालिका के तत्वाधान में टेकरी धाम 101 पौधे रोपे गए। मीडिया प्रभारी विकास जैन ने बताया कि क्लब ने नपा के सहयोग से 101 फलदार व छायादार पौधा लगाए हैं। इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष सुरेश सिंह रघुवंशी, सीएमओ तेजसिंह यादव, सुनील अग्रेश, जगमोहन बंसल, श्याम गर्ग आदि उपस्थित थे।

***अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद ने किया पौधारोपण :*** अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद के सदस्यों ने हनुमान टेकरी मंदिर गार्डन पर पौधारोपण किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण की शपथ संगठन के अमित तिवारी ने सभी उपस्थित जनों को दिलाई। साथ ही समय-समय पर पौधों की देखरेख का दायित्व भी लिया। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष निशांत शर्मा, आनंद भारद्वाज, कुलदीप शर्मा, गौरव शर्मा, ध्रुव पाराशर, सौरभ शर्मा, शिवांशु शर्मा, अभिषेक शर्मा, अंकित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

***एनएफएल-विजयपुर में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस :*** एनएफएल विजयपुर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एनएफएल चिकित्सालय परिसर तथा टॉउनशिप गेट के समीप जगदीप शाह सिंह, मुख्य महाप्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों का रोपण किया गया। वहीं डीपीएस विजयपुर के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन डेक्लेमेशन प्रतियोगिता का आयोजन तथा टॉउनशिप रहवासियों को सूखा व गीले कचरे को अलग-अलग कर निष्पादन हेतु प्रदान करने को सूचित किया गया।

***न्यायालय परिसर में लगाएं छायादार वृक्ष :*** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश राजेश कोष्ठा के अलावा न्यायाधीशगण धरमिंदर सिंह, संजय चतुर्वेदी, एके मिश्र, रवि प्रकाश जैन, प्रदीप दुबे, हर्ष सिंह बहरावत, सचिन कुमार घोष, मुनेन्द्र सिंह वर्मा, दीपक शर्मा द्वारा आम, कटहल आदि के फलदार पौधे रोपित किये। इस अवसर पर अंचल गोस्वामी, राजकुमार मौर्य, कमलेन्द्र गौर, सौरभ वर्मा, गुरुदयाल बैरागी, संदीप जाग, गोविन्द शर्मा, संजय शर्मा ओमकार तिवारी, पवन बंसल, जसवंत सिंह आदि का भी सहयोग रहा।

---

## कम होती सांसों के लिए सभी को पौधरोपण करना बेहद जरूरी

**विश्व पर्यावरण दिवस** • जगह-जगह हुए कार्यक्रम, तो कहीं आनलाइन कार्यशाला में बताया पौधे लगाने का महत्व

बुरहानपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि) विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलेभर में जगह-जगह पर पौधारोपण किया गया। विविध सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और अफसर-कर्मियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वहीं आनलाइन जागरूकता कार्यशाला में पेड़ लगाने और पर्यावरण बचाने पर जोर दिया गया, वहीं नईदुनिया के 75वें स्थापना दिवस पर भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

शनिवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित आनलाइन जागरूकता कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव और न्यायाधीश नरेंद्र पटेल ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आक्सीजन की कमी को देखकर हमें संभल जाना चाहिए। लगातार कम हो रही सांसों को बढ़ाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम पांच पौधे लगाने चाहिए। तभी आने वाले समय में इंसानों को पर्याप्त आक्सीजन मिल सकेगी। इस कार्यक्रम में पैरालीगल वालंटियर्स भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में पौधरोपण करने के साथ ही उनका संरक्षण भी करें। कार्यक्रम में नेपानगर के पैरालीगल वालंटियर एलएल लौवंशी, शाहपुर से मेघा चौधरी, बुरहानपुर से नंदकिशोर जांगड़े, आशा कलाल आदि शामिल रहीं। उन्होंने बताया कि सुबह ही उन्होंने अपने क्षेत्र में पौधरोपण किया है। इनके संरक्षण और पानी की व्यवस्था भी की जा रही है।


बुरहानपुर में पौधारोपण करते हुए बुरहानपुर विधायक ठाकुर सुरेंद्रसिंह, युवा नेता हर्षितसिंह ठाकुर एवं अन्य। ●नईदुनिया


आनलाइन कार्यशाला में विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव और न्यायाधीश नरेंद्र पटेल ने संबोधित किया। ●नईदुनिया

**पेड़ लगाकर व पानी बचाकर पर्यावरण का संरक्षण करना जरूरी**

विश्व पर्यावरण दिवस और नईदुनिया के 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पौधारोपण में बुरहानपुर विधायक ठाकुर सुरेंद्रसिंह ने पौधे लगाकर पर्यावरण का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में ऑक्सीजन की कमी को दूर करने और पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उनका संरक्षण करना होगा। पेड़ लगाकर व पानी बचाकर पर्यावरण का संरक्षण करना जरूरी है। इस दौरान युवा नेता हर्षितसिंह ठाकुर, वीपू भाई वाधवानी, संजू महाजन आदि मौजूद रहे।


ग्राम फोपनार में पहाड़ी पर पौधारोपण करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज लधवे एवं अन्य जनप्रतिनिधि व समाजसेवी। ●नईदुनिया


पुलिस व प्रशासनिक अफसरों ने थाना परिसर में पौधारोपण किया।- ●नईदुनिया

**एक साथ हुआ वृहद स्तर पर पौधारोपण**

अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रकोष्ठ द्वारा मध्यप्रदेश में तरू मिलान व रोपण का कार्यक्रम आनलाइन एक साथ किया गया। गायत्री परिवार के मनोज तिवारी ने बताया कि सुबह 9 बजे इंटरनेट मीडिया के माध्यम से सभी गायत्री परिवार के सदस्य अलग-अलग स्थानों पर पहुंचे और एक ही समय में पौधारोपण किया गया। शांतिकुंज हरिद्वार से चिन्मय भैया ने आशीर्वचन दिए। ग्राम फोपनार की पहाड़ी पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज लधवे एवं अन्य जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

**थाने के सामने पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने किया पौधारोपण**

05बीयूआर-31 :-पुलिस व प्रशासनिक अफसरों ने थाना परिसर में पौधारोपण किया।-नईदुनिया

नेपानगर। विश्व पर्यावरण दिवस पर नेपानगर थाना परिसर में अधिकारियों ने पौधारोपण किया। एसडीएम दीपक चौहान, एसडीओपी यशपाल सिंह ठाकुर, तहसीलदार सुंदरलाल ठाकुर, सीएमओ राजेश मिश्रा, थाना प्रभारी लक्ष्मणसिंह लौवंशी, विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एलएल लौवंशी सहित स्टाफ के साथ पौधारोपण किया गया। इस दौरान एसडीएम दीपक चौहान ने कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। पर्यावरण संरक्षण हम सभी के जीवन का ध्येय होना चाहिए। वहीं नेहरू युवा केंद्र बुरहानपुर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया। साथ ही मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित अंकुर कार्यक्रम मनाया गया। अलग-अलग सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाए गए।

---

## विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण



नेपानगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में नेपानगर थाने में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में अनुविभाग नेपानगर के सभी अधिकारियों ने पहुंचकर थाना परिसर में पौधारोपण किया। विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालंटियर डॉक्टर एलएल लौवंशी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने जागरूकता फैलाने की बात कही जिसके तहत हमारे द्वारा थाना परिसर में पौधारोपण कर आस-पास के रहवासियों को पौधे लगाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हमने थाना परिसर में काम करने वाले स्टाफ से भी पौधों की रक्षा करने की अपील की। इस दौरान एसडीएम दीपक चौहान, तहसीलदार सुंदरलाल ठाकुर, एसडीओपी यशपाल सिंह ठाकुर, सीएमओ राजेश मिश्रा, थाना प्रभारी एलएस लौवंशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

**विश्व पर्यावरण दिवस** • जिला न्यायालय परिसर में न्यायाधीशों ने रोपित किए फलदार पौधे

## कोरोना ने समझाया पेड़ों का महत्व, संकल्प लें कि जीवन में 10 पौधे जरूर लगाएंगे: मुख्य न्यायाधीश

**कस्तूरबा कॉलेज में ऑनलाइन संगोष्ठी हुई, युवा कांग्रेस ने पौधरोपण की शपथ ली**

भास्कर संवाददाता | गुना

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर में कई आयोजन हुए। मुख्य कार्यक्रम जिला न्यायालय परिसर के साथ ही कस्तूरबा कॉलेज में संगोष्ठी, युवा कांग्रेस ने पौधरोपण की शपथ लेकर व रोटरी क्लब ने हनुमान टेकरी पर पौधरोपण और एनएसएस ने पीजी कॉलेज परिसर में पौधरोपण व शपथ लेकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्य जिला न्यायाधीश ने अन्य न्यायाधीशों के साथ जिला न्यायालय परिसर में फलदार पौधे रोपित किए। पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से हर वर्ष पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। कोरोना की द्वितीय लहर में ऑक्सीजन की कमी ने यह भलीभांति अवगत करा दिया है कि पर्यावरण में पेड़ों का होना कितना आवश्यक है, इसलिए हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने जीवन में कोष्टा ने कहा कि जंगलों को नया जीवन देकर, पेड़-पौधे लगाकर, बारिश के पानी को संरक्षित करें और तालाबों के निर्माण करने से हम पारिस्थितिकी तंत्र को फिर से बहाल कर सकते हैं अर्थात इको सिस्टम को रिस्टोर कर सकते हैं। उक्त कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज) धरमिंदर सिंह, जिला न्यायाधीश संजय चतुर्वेदी, जिला न्यायाधीश, सचिव एके मिश्र, जिला न्यायाधीश रवि प्रकाश जैन, प्रदीप दुबे, हर्ष सिंह बहरावत, सचिन

**रोटरी क्लब ने हनुमान टेकरी पर पौधरोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस**






पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ. सरला शुक्ला ने पर्यावरण की महत्ता को दर्शाते हुए कहा कि प्रकृति के भयंकर असंतुलन को रोकने के लिए युवा ऊर्जा की आवश्यकता है। युवा शक्ति एवं सभी धरती को शस्य श्यामला बनाने के लिए एकजुट प्रयास करें तो स्वच्छ वातावरण में करने पॉलीथिन मुक्त भारत के प्रति भी संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में रश्मि शर्मा ने बताया कि साउथ में वृक्षों की महत्ता दिखाई देती है। हर गली, हर घर में लगाए गए पौधे पर्यावरण के प्रति लोगों के योगदान को सार्थक करते हैं। प्रो. रूपाली रावत ने छात्राओं को हर साल की थीम तथा वर्तमान में पर्यावरण से पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली की जानकारी दी। डॉ. विष्णु रजक ने पर्यावरण प्रदूषण की कविता के

**कलेक्टोरेट परिसर पार्क में किया पौधरोपण:** कलेक्टोरेट परिसर स्थित पार्क में अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर फ्रेंक नोबल ए. ने पौध रोपण किया।

इसके साथ ही एडीएम विवेक रघुवंशी, एसडीएम अंकिता जैन व तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव ने भी पौधे रोपे।

**रोटरी क्लब ने हनुमान टेकरी**

### युवा कांग्रेस ने पौधे रोपकर दिलाई शपथ

जिला युवा कांग्रेस कमेटी ने सिंगवासा में पौधरोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित करने की शपथ ली। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अपूर्व भार्गव एवं समस्त युवा कांग्रेसी पदाधिकारी पंकज कनेरिया, शिवप्रताप यादव, अनीश खान, मृगराज सिंह सिसोदिया, जीतू जोशी, दिनेश औदिच्य, वीरेंद्र शर्मा, शहजाद खान आदि ने पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं से अपील की कि पर्यावरण के प्रति वह सदैव जागरूक रहें।

### शारदा जागृति महिला समिति ने अंकुर योजना के तहत पौधे रोपे

अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर शारदा जागृति महिला समिति ने अंकुर योजना के अंतर्गत पौधरोपण किया। इसमें आम, पीपल, नीम, अमरूद और अनार आदि के पौधे लगाए गए। सभी समिति की

---

## लगभग 30 गांवों में हुआ पौधारोपण

जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश जोशी के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर लगभग 48 पैरालीगल वालेंटियर्स ने 100 से अधिक पौधे लगाए। जिन्हें सचिवअपर जिला न्यायाधीश राजेन्द्र सिंह ठाकुर एवं डॉण् वीरेन्द्र कुमार चढ़ारए जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा जूम एप के माध्यम से पौधारोपण कराया गया एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण के लाभ एवं कोविड.19 के समय में पर्यावरण की उपयोगिता समझाई गई। इसके बाद एडीआर सेंटर अशोकनगर कार्यालय परिसर में पीपलए बरगदए नीम के पौधों को त्रिवेणी के के रूप में लगाया गया। इस अवसर पर समस्त पैरालीगल वालेंटियर्स को पर्यावरण संवर्धन और संरक्षण के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पैरालीगल वालेंटियर्स विजया अग्रवालए प्रतिभा जैनए प्रतिभा शर्माए बालकुमारी सिरसेए वंदना वैद्यए गुलनाज बानोए मंजू सातवए नम्रता नायकए सोनम शर्माए शिवानी कौशलए रूपाली सुमनए अर्चना शर्माए राजू पारदीए दशरथ सिंह जाटवए मोती सिंहए संदीप सोपराए पवन केवटए मनीष रघुवंशीए धर्मराजसिंह रघुवंशीए कुमार संभवए रजनी शर्मा आदि ने पौधारोपण किया।




---

## न्यायालय परिसर में पौधारोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प

बुरहानपुर ■ राज न्यूज नेटवर्क

पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जिला न्यायालय परिसर में तपेश दुबे, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश, नरेन्द्र पटेल सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राकेश कुमार पाटीदार, द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण एवं पी.एल.वी. द्वारा पौधारोपण किया गया। उक्त अवसर पर नरेन्द्र पटेल ने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में भाग रहे प्रत्येक देश के बीच धरती पर हर दिन प्रदूषण काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है। जिसके दुष्परिणाम समय-समय पर हमें देखने को मिलते है। पर्यावरण में अचानक प्रदूषण का स्तर बढ़ने से तापमान में भी तेजी देखी जा रही है तो कहीं-कहीं पर प्रदूषण के बढ़े हुए स्तर के कारण लंबे समय से बारिश भी नहीं हो पाती। ऐसे में लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

उक्त अवसर पर तपेश दुबे, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश, नरेन्द्र पटेल सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राकेश कुमार पाटीदार, द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण सुधीर खेरदे, लोकेश स्वामी, मुरारी प्रसाद रघुवंशी, नंदकिशोर मराठी, संदीप वर्मा, जयकिशोर शुक्ला एवं पैरालीगल वॉलेन्टियर्स कुमारी निशा कुवादे, निलेश छत्रे द्वारा पौधारोपण किया गया। सुरक्षा का संकल्प लिया।



### उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई जारी

बुरहानपुर। कलेक्टर प्रवीण सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की टीम सतत् रूप से जिले को कोरोना मुक्त करने के लिए विभिन्न प्रयास कर रही हैं। वहीं जिला प्रशासन समस्त जिलेवासियों से कोविड अनुकूल व्यवहार अपनाने, कोरोना जन अनुशासन आदेश का पालन करने एवं मास्क अनिवार्यतः पहनने का अनुरोध निरंतर कर रहा हैं। अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया जिले में नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई लगातार जारी है।

# Blood Donation Camp (26.06.2021)

## Campaign by Legal Services Institutions replenishes blood banks by 3000 units in a single day.

Under the able guidance of Hon'ble the Chief Justice and Patron in Chief, Madhya Pradesh State Legal Services Authority Justice Shri Mohammad Rafiq, a blood donation campaign was launched throughout the State in coordination with health department.




Online Inauguration of Blood Donation Campaign by Hon'ble Executive Chairman

The programme commenced with the online inauguration on 26.06.2021 at 10:00 am by Hon'ble the Executive Chairman, Shri Justice Prakash Shrivastava Chairman DLSA who enlighten the gathering on the relevance of blood donation both for the donor and the donee. District Judge Indore reflected on the detailed preparation prior to the event while district legal aid officer Deepak Sharma who has earlier donated blood more than 40 occasions expressed his views on the reasons for his motivation for donation. The Director Health Services delivered the vote of thanks with a special mention of the huge



contribution by the legal services institution through this endeavor at a time when blood banks are facing acute blood shortage in the Pandemic era.

It is noteworthy that Hon'ble the Division bench of High Court of Madhya Pradesh observed that only 3600 units of blood are available against the requirement of 5600 units in 112 blood banks of the State, hence it was expected that sufficient quantity of blood should be available in the blood bank in the state. For the fulfillment of this purpose on the direction of MPSLSA all DLSA organized blood donation camps in coordination with health departments and other duty holders at District and Taluka level to donate blood voluntarily.

As a result of this step taken by all the legal services institutions of the State, on a single day about 3000 units of blood were successfully collected while some Tehsils have scheduled the campaign on a future within the next seven days. The outcome of this campaign has been hailed by all as an important step to provide accessibility to good public health to all persons. It is noteworthy that a decision to donate blood can save not just one but several lives when it is separated into its components for use by patients with specific conditions.




***"Donate your blood for a reason, let the reason to be life"***

***---Anynomous***

# Glimpses Of Blood Donation Camp Acitivities By DLSAs



DLSA ALIRAJPUR




DLSA ANUPPUR




DLSA ASHOKNAGAR




DLSA BALAGHAT



DLSA BARWANI




DLSA BHIND




DLSA BURHANPUR



DLSA BHOPAL




DLSA CHHATARPUR



DLSA CHHINDWARA



DLSA DAMOH




DLSA DATIA




DLSA DEWAS



DLSA DHAR




DLSA DINDORI




DLSA GUNA



DLSA GWALIOR



DLSA HARDA



DLSA HOSHANGABAD



DLSA INDORE



DLSA JABALPUR




DLSA JHABUA



DLSA KATNI




DLSA KHANDWA





DLSA MANDLESHWAR

DLSA MANDLA





DLSA MANDSAUR

DLSA MORENA





DLSA NARSINGHPUR

DLSA NEEMUCH




DLSA RAISEN




DLSA RAJGARH



DLSA RATLAM



DLSA REWA



DLSA SATNA



DLSA SEHORE




DLSA SEONI




DLSA SHAHDOL



DLSA DHAR



DLSA SHEOPUR



DLSA SHIVPURI




DLSA SINGRAULI



DLSA SIDHI




DLSA SHAJAPUR




DLSA TIKAMGARH



DLSA UJJAIN




DLSA UMARIA



DLSA VIDISHA

# CERTIFICATIONS TO DONORS



DLSA BETUL




DLSA REWA




DLSA SHAJAPUR



DLSA PANNA



DLSA SIDHI



DLSA SAGAR

# FROM THE PRINT & ELECTRONIC MEDIA

TheHitavada
Jabalpur City Line | 2021-06-28 | Page- 4
ehitavada.com

## City judges, prominent figures donate blood during camp

■ Legal correspondent

UNDER the directions of Executive Chairman of the Madhya Pradesh State Legal Services Authority (MPLSA), Jabalpur, blood donation camps were held across the State on Saturday. On this occasion, Principal District Judge and Chairman District Legal Services Authority, Jabalpur. Naveen Kumar Saxena firstly donated blood to motivate everyone to donate blood. In blood donation camp, important support was provided by donating blood by judges, judicial staff, officers and employees of Legal Services Authority, advocates and other social workers.

The crowd of blood donors who reached the blood donation camp was looking excited. In this great blood donation, it was proved by the blood donors that there is no weakness of any kind by donating blood and the life of others can be saved by donating blood. In District Legal Services Authority Jabalpur, 73 people donated blood as well as blood donation camps were organized in Tehsil Legal Services Committee, Sihora and Patan, in which 39 and 51 people donated blood, thus a total of 163 people donated blood and did a great job.



Chairman of the District Legal Services Authority, Naveen Kumar Saxena and others donating blood during the camp.

TheHitavada
Jabalpur City Line | 2021-06-28 | Page- 3
ehitavada.com

## DLSA organises blood donation drive at Sagar ADR Centre

■ Our Correspondent
SATNA, June 27

UNDER thte auspices of District Legal Service Authority (DLSA), Jabalpur, blood donation camp was organised at ADR Centre, Satna tehsil, Legal Service Committee, Maihar and Tehsil Legal Service Committee, Nagod. As many as 80 donors donated blood on the occasion.

The blood conation camp was inaugurated by District Judge and President, District Legal Service Authority Rajendra Prasad Sharma at ADR Centre, Satna, by lighting traditional lamp. The camp was held under guidance of Registrar Parth Shankar Mishra. The inaugural function was graced by Judge Parth Shankar Mishra, Saumya Gaur, Shaifali Singh, Shweta Gautam, Shishir Shukla, Himanshu Paliwal. SP Dharamveer Singh, his wife Kavita Yadav, CSP Vijay Pratap Singh and others officers, lawyers, social activist. At the camp held at ADR Centre, 52 persons donated blood.

Further blood donation camp was also organised at Tehsil Legal Service Committee at Maihar where Second Additional Judge, Maihar Sanjay Kumar Singh, Judicial Magistrate First Class Sarita Paras and 18 other judicial employees and lawyers, donated blood. In similar camp held at Nagod and 10 persons donated blood.



The blood donation camps held at ADR Centre, Satna.

## राविसेप्रा ने बनाया 3600 यूनिट ब्लड एकत्रित करने का रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, जबलपुर| मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (राविसेप्रा) ने शनिवार को आयोजित प्रदेशव्यापी रक्तदान शिविर में 3600 यूनिट ब्लड एकत्रित करने का रिकॉर्ड बनाया। यह शिविर प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक एवं मप्र हाईकोर्ट के चीफ ज. मोहम्मद रफीक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। शिविर का ऑनलाइन शुभारंभ प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष व मप्र हाईकोर्ट के प्रशासनिक जज जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव ने किया। जिला एवं तहसील स्तर पर आयोजित शिविर में न्यायिक अधिकारी, विधिक सहायता अधिकारी, अधिवक्ता और पुलिस कर्मियों ने रक्तदान किया। प्राधिकरण की सदस्य सचिव गिरीबाला सिंह ने बताया कि प्रदेश के 112 ब्लड बैंकों में 5600 यूनिट ब्लड की आवश्यकता होती है, लेकिन वर्तमान समय में 3600 यूनिट ही ब्लड उपलब्ध था। शनिवार शाम 6 बजे तक 3600 यूनिट ब्लड एकत्रित हो चुका था, जो एक रिकॉर्ड है। विधिक सहायता अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि वे 17 वर्ष के दौरान 40 बार रक्तदान कर चुके हैं।



शुजालपुर.कालापीपल.मक्सी

## स्वस्थ व्यक्ति को दूसरे के प्राणों की रक्षा के लिए स्वेच्छा से रक्तदान जरूर करना चाहिए- वेदी

### 76 व्यक्तियों ने न्यायालय परिसर के शिविर में किया रक्तदान, रक्तदाताओं को मिले प्रमाण-पत्र

भास्कर संवाददाता | शुजालपुर

तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा शनिवार को अभिभाषक संघ के सहयोग से कोर्ट परिसर में अभिभाषक संघ सभागृह में आयोजित किए गए रक्तदान शिविर में सुबह से शाम तक 76 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र देकर साधुवाद ज्ञापित किया गया।

शनिवार सुबह 10 बजे रक्तदान शिविर का उद्घाटन कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए द्वितीय अपर जिला व सत्र न्यायाधीश रूपम वेदी,, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश धीरज कुमार, न्यायाधीश अनुष्का शर्मा, चंचल बुंदेला, एसडीएम प्रकाश कस्बे, सिविल अस्पताल प्रभारी डॉ. राजेश तिवारी, जेल अधीक्षक शिवपाल सिंह के आतिथ्य में हुआ। इस दौरान सिटी थाना प्रभारी टीआर पटेल, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रमेश राजपूत, उपाध्यक्ष मांगीलाल परिहार, सचिव अतुल मिश्रा, अशोक परमार, संजय शर्मा, ब्रजकिशोर परमार, जया महेश्वरी, संजय मिश्रा, राजकुमार साहू, राजकुमार थावानी, जितेंद्र गुरेनिया सहित अन्य भी उपस्थित रहे। शिविर के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए न्यायाधीश रूपम वेदी ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को दूसरे के प्राणों की रक्षा के लिए स्वेच्छा से रक्तदान करने का संकल्प लेते हुए नियमित रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान से रक्तदाता के शरीर पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता और वह अपने शरीर से दिए हुए रक्त से किसी अन्य व्यक्ति की जान बचाते हुए परोपकार के साथ नैतिक कर्तव्य भी निभाता है। अन्य लोगों ने भी संबोधित करते हुए रक्तदाताओं को प्रेरित किया। इस प्रकार आगर न्यायालय में रक्तदान हुआ।



रक्तदान करते सहयोगी व रक्तदाता को प्रमाण-पत्र वितरित करते आयोजक।

### प्रोत्साहित किया

विशेष बात यह रही कि न्यायाधीश रूपम कुमार व एसडीएम प्रकाश कस्बे उद्घाटन से लेकर समापन तक पूरे समय परिसर में मौजूद रहे तथा रक्तदाताओं को व्यक्तिगत रूप से प्रोत्साहित किया। इसी का परिणाम रहा कि बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों, अभिभाषकों सहित समाज के लोगों ने रक्तदान करते हुए न्यायालय परिसर में शाम 4 बजे तक 76 यूनिट रक्त जुटाया।

www.starsamachar.com
रविवार

## कृष्णा-राजकपूर ऑडिटोरियम में 218 लोगों ने किया रक्तदान

## रक्तदान शिविर में रीवा को मिला प्रदेश में प्रथम स्थान

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों में कृष्णा-राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित रक्तदान शिविर में 218 लोगों ने रक्तदान कर जिले को प्रदेश के प्रथम पायदान में ला दिया है। प्रदेश के 52 जिलों में किए गए रक्तदान में सर्वाधिक रीवा जिले में 218 लोगों ने रक्तदान किया है। शिविर का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार सिंह तथा रीवा संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी ने किया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने अपना रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणा प्रस्तुत की।

स्टार समाचार | रीवा

शनिवार को कृष्णा-राजकपूर ऑडिटोरियम में रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सिंह ने कहा कि रक्तदान जीवन के महादानों में से एक है। जब हम किसी को रक्तदान करते हैं तब हम वास्तव में किसी व्यक्ति को जीवनदान दे रहे होते हैं। रक्तदान डरने की आवश्यकता नहीं है। प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। रीवा जागरूक व्यक्तियों और विद्वानों का क्षेत्र है यहां ऊर्जा की कमी नहीं है। इस ऊर्जा को सही दिशा देने की आवश्यकता है। यहां के लोगों ने परोपकार और सेवा के लिए बढ़-चढ़कर सहयोग किया है। श्री सिंह ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेडिकल टीम तथा समाजसेवियों एवं रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### रक्तदान जीवनदान है : सुचारी

समारोह में कमिश्नर श्री सुचारी ने कहा कि यह शिविर लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करेगा। रक्तदान जीवनदान है इससे मन को असीम संतोष और किसी के जीवन रक्षा का पुण्य लाभ होता है। समारोह में डीआईजी अनिल सिंह कुशवाह ने कहा कि रक्तदान पुनीत कार्य है। रक्तदाता के खून से प्लाजमा, प्लेटलेट्स तथा खून तीन तरह से उपयोग होता है। हमारा छोटा सा त्याग किसी व्यक्ति को जीवन देता है। अगले ... रक्तदान शिविर में पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी रक्तदान करेंगे।





### रक्तदान का महत्व खुद की जरूरत में होता है : कलेक्टर

कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने कहा कि रक्तदान का महत्व हमें तब पता चलता है किसी अपने को रक्त की जरूरत होती है। रीवा में जिला अस्पताल तथा संजय गांधी हास्पिटल में एक हजार यूनिट रक्त भण्डारण की क्षमता है लेकिन इनमें बहुत कम खून भंडारित है। लोगों को जरूरत में खून मिल सके इसके लिए समाज को आगे आना होगा। रक्तदान करने वालों को हम समुचित सम्मान के साथ-साथ ब्लड पासबुक सम्मान पत्र देंगे। रीवा में कोविड संकटकाल में तथा रक्तदान शिविर में समाजसेवियों ने सराहनीय सहभागिता दिखाई है। समारोह में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विपिन कुमार लवानिया ने अतिथियों का स्वागत किया तथा कहा कि रक्तदान के लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आना चाहिए। समारोह में जिला रेडक्रास समिति के अध्यक्ष डॉ. सज्जन सिंह, पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह, सचिव रेडक्रास समिति डॉ. विनोद श्रीवास्तव, समाजसेवी परमजीत सिंह डंग, पेटियम कालेज के डॉ. बीएन त्रिपाठी तथा विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में अतिथियों, समाजसेवियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विशेष न्यायाधीश उमेश पांडव, न्यायाधीश सुधीर सिंह राठौर, न्यायाधीश गिरीश दीक्षित, न्यायाधीश मुकेश यादव, अन्य न्यायाधीशगण, एडीएम श्रीमती इला तिवारी, डॉ. नरेश बजाज, डॉ. ज्योति सिंह, समाजसेवी सुजीत द्विवेदी, डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी तथा बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं रक्तदाता उपस्थित रहे।

### नारी शक्ति से हुई शुरुआत

शिविर में रक्तदान की शुरूआत नारी शक्ति से हुई। शहीद भगत सिंह सेवा समिति के अध्यक्ष सुजीत द्विवेदी की बेटी 22 वर्षीय वसुन्धरा द्विवेदी ने सबसे पहले रक्तदान किया। शिविर में कुल 218 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। इनमें 34 महिलायें तथा 184 पुरुष रक्तदाता शामिल थे। रक्तदान शिविर में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने भी रक्तदान किया। प्रशासन का नेतृत्व करने तथा शिविर के आयोजन के लिए समस्त व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के साथ-साथ कलेक्टर ने रक्तदान में अधिकारियों का नेतृत्व किया। शिविर में जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी संजय सिंह तथा एमआर मेहरा ने भी रक्तदान किया। शिविर में एनसीसी कैडेट्स विभिन्न महाविद्यालय के विद्यार्थियों तथा समाजसेवियों सहित 218 से अधिक व्यक्तियों ने रक्तदान किया। कलेक्टर ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।

TheHitavada
Jabalpur City Line | 2021-06-28 | Page- 3
ehitavada.com

## Blood donation camp held at Sagar court

■ Our Correspondent
SAGAR, June 27

IN A bid to collect blood which can be used in time of emergency, a blood donation camp was organised at District Legal Service Authority, District Court, Sagar campus under direction of Principal District Judge and President District Legal Service Authority, Sagar BR Patil.

This camp was held with coordination of District Hospital, Sagar. The camp was inaugurated through video conferencing by Chairperson of M.P State Legal Service Authority, Jabalpur and attended by Principal District Judge and President District Legal Service Authority, Sagar B R Patil, Collector Deepak Singh, MP State AIDS Control Committee, District Hospital, Sagar Blood Unit Team Incharge Dr Ramkumar, Medical Officer and Secretary, Vivek Sharma and other Judges, lawyers.

Judge Harish Patel, Judge, Labour Court Sonam Raghuwanshi, Judical Magistrate, First Class, Judicial employees and eminent citizen of the area were present at the camp. In this camp, as many as 41 person donated blood. All the donors were presented certificate by Principal District Judge and President District Legal Service Authority, Sagar B R Patil.



The blood donation camp held at District Court, Sagar.

## रक्त के अभाव में न हो किसी की मौत

### जिला न्यायालय आयोजित शिविर में 74 यूनिट हुआ रक्तदान

भास्कर संवाददाता| भिंड

जीवन में मानवीय पहलू सर्वोपरि है। रक्त के अभाव में किसी की जान न जाए। ऐसी धारणा को लेकर जिला न्यायालय परिसर में आयोजित शिविर में न्यायाधीशगण द्वारा भी रक्तदान किया गया। शनिवार को सुबह इस शिविर का आयोजन राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में किया गया।

शिविर में जहां एक ओर न्यायाधीश समरेश सिंह, न्यायाधीश सुनील दण्डौतिया, न्यायाधीश सय्यद दानिश अली द्वारा रक्तदान किया गया वहीं दूसरी ओर गुना के मुख्य न्यायिक मजिस्टेट कौशलेन्द्र सिंह के पितृत्व अवकाश पर होने के बाद भी उनके द्वारा रक्तदान किया गया। इसके अतिरिक्त जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रज्जन सिंह भदौरिया, एडीपीओ इंद्रेश प्रधान सहित कर्मचारियों, अभिभाषकों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। इस प्रकार से 74 यूनिट ब्लड बैंक को उपलब्ध कराया गया। शिविर में महिलाओं द्वारा रक्तदान किया गया।



शिविर में रक्तदान करते लोग।

### शिविर में संगठन प्रमुखों का रहा सहयोग

न्यायिक क्षेत्र से रिकार्ड रक्तदान किये जाने में जहां नवजीवन सहायतार्थ संगठन एवं संजीवनी संगठन के सदस्यों में नितेश जैन, बबलू सिंधी, रश्मि भदौरिया अधिवक्ता का मुख्य रूप से सहयोग रहा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी सहयोगियों का रक्तदाताओं का इस पुनीत कार्य के लिए आभार प्रकट किया गया है।



# स्वस्थ्य व्यक्ति को रक्तदान करते रहना चाहिए...

**बुरहानपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश केएस बारिया एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मण्डलोई, सीएचएमओ डॉ. एमपी गर्ग एवं डॉ. फहीमा हुसना ने भाग लिया।

रक्तदान महादान है और लाचार एवं बीमार व्यक्ति के लिये जीवनदान है। रक्त का दूसरा विकल्प नहीं है। इसलिये मानवता धर्म के नाते समय समय पर हर स्वस्थ्य व्यक्ति को रक्तदान करते रहना चाहिए। कोरोना काल में प्रदेश के समस्त ब्लड बैंकों में रक्तकोश की अत्यंत कमी हो गई थी।

शनिवार को आयोजित रक्तदान शिविर के चलते अस्पताल में भर्ती 4 वर्षीय बालिका कुमारी नंदनी जोकि थैलेसीमिया रोक से पीड़ित होकर रक्त चढ़ाने की आवश्यकता थी उक्त बालिका को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित शिविर में एकत्रित किया गया रक्तदान से प्राप्त रक्त की एक यूनिट तत्काल निःशुल्क उपलब्ध करा दी गई। जिस पर से बालिका की माता ने ब्लड बैंक एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को धन्यवाद दिया।

रक्तदान शिविर में पैरालीगल वालेंटियर आशा तिवारी, गोपाल दरगड, डॉ. फोजिया सोडावाला, आशा दलाल, सैय्यद शहजाद अली, विकास सोनी, धीरज जवादे, हितेश सानव, मंसुर सेवकजी, उमेश महाजन, निलेश महाजन, न्यायिक कर्मचारी गजेन्द्र पाराशर, दिपक उपाध्याय, जयकिशोर शुक्ला, अन्य सामाजिक कार्यकताओं ने रक्तदान कर शिविर आयोजन को सफ्ल बनाया।



# न्यायाधीश व वकीलों ने किया रक्तदान

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित

**देवास।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास योगेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती निहारिका सिंह के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर देवास में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कोविड-19 की गाइड लाइन का पालन करते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। न्यायाधिपति प्रकाश श्रीवास्तव कार्यपालक अध्यक्ष म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा उक्त रक्तदान शिविर का शुभारंभ प्रातः 10 बजे ऑनलाईन माध्यम से किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगेश कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर प्रारंभ किया एवं शिविर में आए लोगों का उत्साह बढ़ाया और रक्तदान के लिए प्रेरित किया। रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. अजय पटेल के नेतृत्व में एक टीम ने रक्त एकत्रित किया। रक्तदान के लिए पांच बेड लगाए गए एवं रक्तदाताओं को जूस एवं बिस्किट दिए गए एवं रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भी दिए गए। शिविर में प्रधान जिला न्यायाधीश की पत्नी श्रीमती किरण गुप्ता, द्वितीय जिला न्यायाधीश गंगाचरण दुबे, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड टोंकखुर्द शिवचरण पटेल, पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ टोंकखुर्द सुमेरसिंह यादव सहित अन्य लोगों ने भी रक्तदान किया। शिविर में विशेष न्यायाधीश रमेश कुमार श्रीवास्तव, पंचम जिला न्यायाधीश विष्णु कुमार सोनी, द्वितीय जिला न्यायाधीश गंगाचरण दुबे, प्रथम जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा, सीजेएम अवधेश श्रीवास्तव सहित अन्य न्यायाधीशगण, न्यायालयीन कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संकल्प लिया।

योजना के जिला संगठन डॉ. एसपीएस परमार

के लिए प्रेरणा ली।

# विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में न्यायालय परिसर में हुआ रक्तदान

## सहभागी रक्तदाताओं को किया गया सम्मानित



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।



रक्त दान करते हुए।

ब्यूरो | पन्ना

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिला न्यायालय स्थित एसडीआर परिसर में आज रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। रक्तदान कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वीणा वादनी के चरण कमलों में पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्जवलित करते हुये की गई, तत्पश्चात सचिव जिला विधिक प्राधिकरण सेवा द्वारा विभिन्न प्रशासकीय विभागों, सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों, गणमान्य नागरिकों, अभिभाषकगणों, पैरालिगल वालेंटियर्स से रक्तदान की अपील की गई। रक्तदान अभियान के यज्ञ में प्रथम आहूति अध्यक्ष न्यायिक कर्मचारी संघ अवधेश कुमार तिवारी द्वारा रक्तदान करते हुये दी गई। ततपश्चात न्यायिक कर्मचारीगण राघवेन्द्र सिंह परमार, विवेक शिवहरे, अशोक कुमार सिरौलिया, नीरज कुमार साहू, वीरेन्द्र आठ्या, विवेक श्रीवास्तव, गौरव द्विवेदी, रूपनारायण कुशवाहा पुलिसकर्मी विजय सिंह, रोहित शिवहरे, सामाजिक संगठन से उपस्थित नारायण उपाध्याय, अभिभाषक रोशन तिवारी व उदय त्रिपाठी द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया।

स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम उपरांत सेवार्थ कार्य में सहभागी रक्तदान कर्ताओं को प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव विकास भटौले द्वारा आगामी दिवसों में भी कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पन्ना के सौजन्य से स्वैच्छिक रक्तदान के माध्यम से अधिक से अधिक आमजनों को रक्तदान करने की अपील की गई। स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम में न्यायाधीशगण, अधिवक्ता संघ पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, अभिभाषकगण, सामाजिक संगठनों के सदस्य व न्यायिक प्राधिकरण परिवार के लोगो द्वारा अपनी उपस्थिति व सहभागिता प्रदान की गई।

Sun, 27 June 2021
दैनिक भास्कर https://epaper.bhaskarhindi.com/c/61417231

# अदालत में जज, वकील, कर्मचारी और आम लोगों ने किया रक्तदान

**भोपाल (विधिक संवाददाता)।** राजधानी की जिला अदालत में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में स्वैछिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यवाहक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उपेंद्र कुमार सिंह और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे एसपीएस बुंदेला ने सबसे पहले रक्तदान कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। कार्यवाहक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उपेंद्र कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान कर रहे दानदाताओं को भविष्य में भी नियमित अंतराल पर रक्तदान करते रहने का संकल्प दिलाया। एडवोकेट ऋषि राहुल चौबे ने 29 वीं बार रक्तदान किया।

शिविर की खास बात यह रही कि न्यायाधीशों, वकीलों, न्यायिक कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों के साथ ही आम लोगों ने भी रक्तदान किया। पैरालीगल वालेंटियर और शेख मुर्तजा अली के आह्वान पर बोहरा समाज के आठ युवाओं ने भी रक्तदान किया। इस मौके पर स्टेट बार कौंसिल के चेयरमैन विजय चौधरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मीडिया इंचार्ज खालिद हफीज एडवोकेट, जिला विधिक सहायता





अधिकारी बीएम सिंह, संजय गुप्ता सहित अनेक लोग उपस्थित थे। न्यायाधीश विशाल अखण्ड, अधिवक्ता सममान एवं रक्षा समिति के अध्यक्ष प्रियनाथ पाठक, एडवोकेट एसोसिएशन फॉर जूनियर के अध्यक्ष यावर खान, सचिव मो. फुरकान खान , पैरालीगल वालेंटियर शेख मुर्तजा अली, जानेमाने वकील अब्दुल वाहिद खान, न्यायिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र जामलिया, वरिष्ठ न्यायिक कर्मचारी हरीश सबनानी सहित अन्य न्यायाधीशों , वकीलों, न्यायिक कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों और समाजसेवियों ने 120 यूनिट रक्त दान किया। गौरतलब है कि राज्य प्रदेश के ब्लड बैंकों में रक्त की कमी को देखते हुए मध्यप्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर ने एक रिट याचिका की सुनवाई करते हुए प्रदेश में रक्तदान को प्रोत्साहित किये जाने के निर्देश दिये थे।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर के निर्देश पर मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संपूर्ण मध्यप्रदेश की जिला एवं तहसील अदालतों में शनिवार को रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया।

पत्रिका प्राइड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**टीकमगढ़.** जिला न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था।

इस शिविर में न्यायाधीश, अधिकारियों के साथ ही अधिवक्ताओं एवं समाज सेवियों ने भी रक्तदान किया। शनिवार को आयोजित इस शिविर में कुल 26 युनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शनिवार को एडीआर सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

यहां पर विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश इंद्रा सिंह, विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शचीन्द्र श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर पहुंचे ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. विकास जैन एवं अन्य डॉक्टरों ने रक्तदाताओं का परीक्षण कर रक्तदान करवाया। रक्तदाताओं की इस पहल की सराहना भी की गई।



## इन्होंने किया रक्तदान

न्यायाधीश प्रशांत शुक्ला, पारस जैन, हर्षराज दुबे, अंकित भुजंग, मृदुल लटौरिया, एएसपी एमएस चौरसिया, जिला वैज्ञानिक अधिकारी प्रदीप यादव, डीएसपी प्रिया सिंधी, राजकुमार अहिरवार सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया। कुल 26 लोगों ने रक्तदान किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस जैन ने कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। सचिव शचीन्द्र श्रीवास्तव का कहना था कि एक रक्तदान 3 लोगों की जान बचाता है। उन्होंने लोगों ने रक्तदान करने की अपील भी की।



## इशानिका भी बनी सहभागी

वहीं रक्तदान के लिए दो सालों से जिले में काम करने वाली इशानिका मेमोरियल संस्था भी इस अभियान में सहभागी बनी। संस्था के 18 वर्ष के युवा आदीश जैन वैद्य ने पहली बार रक्तदान। इसके साथ ही संस्था द्वारा न्यायालय परिसर में 5 पौधे भी रोपे गए। संस्था द्वारा किए जा रहे इस कार्य की जिला सत्र न्यायधीश इंद्रा सिंह ने भी सराहना।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## दिनांक 21.06.2021

**"सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयः"**

माननीय मुख्य न्यायाधिपति एवं मुख्य संरक्षक मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति श्री मोहम्मद रफीक के कुशल मार्गदर्शन एवं माननीय न्यायमूर्ति श्री प्रकाश श्रीवास्तव प्रशासनिक न्यायाधिपति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में दिनांक 21.06.2021 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा प्रातः समय 11:00 बजे संपूर्ण प्रदेश में एक साथ **"योग, मानसिक स्वास्थ्य तथा विधिक जागरूकता शिविर"** का आयोजन किया गया।




उक्त शिविर प्रदेश की समस्त जेलों, बालगृहों, नशामुक्ति केन्द्रों एवं चयनित विवाद विहीन ग्रामों में आयोजित किये गये। इस वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण काल के दौर में योग एवं प्राणायाम के माध्यम से निश्चित तौर पर प्रतिरोधक क्षमता का विकास होगा एवं शारीरिक स्वास्थ्य के साथ–साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पडेगा।

इसी अवसर पर प्रातः 08 बज म. प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ, ग्वालियर के अधिकारी, कर्मचारी एवं अधिवक्तागण के लिये ऑनलाईन सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय न्यायमूर्ति श्री आनंद पाठक द्वारा किया गया एवं योग के महत्व को समझाते हुये प्रतिदिन योग किये जाने हेतु प्रेरित किया गया।

*Learning never exhausts the mind.*

*..........Leonardo da Vinci*



DLSA DEWAS



DLSA JHABUA



DLSA RAISEN




DLSA ANUPPUR



DLSA NEEMUCH



DLSA TIKAMGARH



DLSA BURHANPUR



DLSA DINDORI



DLSA SAGAR



DLSA PANNA



DLSA UMARIA



DLSA NARSINGHPUR



DLSA HARDA



DLSA BHOPAL



DLSA SEONI



DLSA DATIA



DLSA ALIRAJPUR



DLSA INDORE

## Media News.....

राष्ट्रीय हिन्दी मेल

# न्यायाधीशों ने मनाया विश्व योग दिवस

**ओबेदुल्लागंज।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन ओमकार नाथ के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति गौहरगंज द्वारा कोरोना प्रोटोकाल नियमों का पालन करते हुए विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में उप जेल गौहरगंज में योग प्रशिक्षण शिविर का अयोजन किया गया। जिसमें कुल 59 बंदी उपस्थित रहे इस दौरान उन्हें अनुलोम विलोम शीर्ष आसन प्राणायाम, भ्रामरी, हलासन, उष्ट्रासन, शीर्षासन तथा सूर्य नमस्कार की क्रियाविधि का प्रशिक्षण दिया गया। योग प्रशिक्षण शिविर में श्रीमती सुरेखा मिश्रा अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय गौहरगंज ने ऑनलाईन माध्यम से बंदीगणों को बताया गया कि यह शिविर आपके भविष्य को संवारने का प्रयास है। योग मन को शांत करता है, जब भी आपका मन विचलित हो योग का सहारा लें।

नियमित योग करने से शरीर पुष्ट होता है और कई तरह की बीमारियां खत्म होती है तथा उप जेल अधीक्षक को प्रतिदिन आधे घंटे बंदियों को नियमित योग कराने की बात कहीं। श्रीमती सुरेखा मिश्रा अपर सत्र न्यायाधीश गौहरगंज द्वारा आनलाईन विधिक साक्षरता शिविर में उपस्थित बन्दियों से वार्ता की तथा उनके द्वारा बतायी गयी समस्या के समाधान हेतु जेल ...



न्यायाधीश गौरव अग्रवाल द्वारा बंदियो को बताया ... कि जो बंदीगण अधिवक्ता नियुक्त करने में अस... है, उन्हें शासन द्वारा नि:शुल्क अधिवक्ता प्रादन ... जाता है तथा अध्यक्ष जनपद पंचायत के माध्यम... पंचायत सरपंच एवं सचिवों को ग्रामवासियों को ... घर में योग कराने के लिए कहा गया। अन्य कार्य... में गौहरगंज पैरालीगल वालेटियर अमित जैन ... अपने आस-पास के स्कूली बच्चों को आनल... माध्यम से जोडा गया जिसमें श्रीमती सुरेखा ... अपर सत्र न्यायाधीश गौहरगंज द्वारा बच्चों को वि... आसनों की जानकारी प्रदान कर आसनों को ... प्रकार किया जाता है, यह भी बताया तथा प्रतिदिन ...

# योग को दैनिक जीवन में आत्मसात करना आवश्यक : खान



**खरगोन दैनिक अग्निवर्षा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिले में जगह. जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। कोरोना संक्रमण को देखते हुए सोशल डिस्टेंस व सैनिटाइजेशन का विशेष ध्यान रखा गया। कई स्थानों पर सामुहिक रुप से तो कई जगह ऑनलाईन योग कार्यक्रम रखे गए। स्वस्थ शरीर और अच्छी सेहत के लिए लोगों ने भी इन योगा कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय में योगाभ्याास का यूट्यूब पर लाइव आयोजन किया गया। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. गगन कुमार, प्राचार्य डॉ. आरएस देवड़ा, संयोजक डॉ. शैल जोशी आदि मौजूद रहे। प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर अजय प्रकाश मिश्र के निर्देशन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर भारत सिंह रावत केमार्गदर्शन में योग दिवस के अवसर पर जिला जेल खरगोन में द्वितीय जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष शमरोज खान तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग कार्यक्रम माँ गायत्री शक्तिपीठ परिवार के सदस्यों के सहयोग से आयोजित किया गया। गायत्री शक्तिपीठ के योगाचार्य सौरभ मौरे द्वारा बंदियों को योग के महत्व व उपयोगिता बताते हुए योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में बंदियों को संबोधित करते हुए शमरोज खान ने कहा कि हमें योग को दैनिक जीवन में आत्मसात करना आवश्यक है।

# विश्व योग दिवस पर जिला जेल में हुआ शिविर का आयोजन

झाबुआ। विश्व योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय झाबुआ के तत्वाधान में बंदियों के लिए योग शिविर एवं विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन सुबह 7 से 8 बजे तक प्रधान जिला जज राजेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्राधिकरण के सचिव/जिला जज राजेश देवलिया के निर्देशन में संपन्न हुआ। बंदियों के लिए सूर्य नमस्कार, प्रणायाम, अनुलोम-विलोम आदि आसन योग व्यायाम का अभ्यास डॉ दीपेश टेलर योगाचार्य द्वारा कराया गया। शिविर को संबोधित करते हुए देवलिया ने कहा कि सभी अपने दिनचर्या में नियमित योग व्यायाम को शामिल करना चाहिए। च्करें योग रहें निरोगज्के सिद्धांत पर अमल करते हुवे प्रतिदिन योग अभ्यास से शरीर चुस्त-दुरूस्त रहता है और सभी प्रकार के संक्रमण से मुक्त होकर ईम्युनिटी पॉवर बढ़ती है। योग शिविर के साथ-साथ विधिक जागरूकता शिविर में बंदियों के उनके कानूनी अधिकार, नि:शुल्क सहायता, अंतरिम जमानत, पैरोल आदि के संबंध में भी कानूनी प्रावधान बताये गये। आचार्य



सुश्मितानंद स्वामी ने भी योग शिविर में अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि योग ध्यान के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बनाये रख सकते है। योग एवं साक्षरता शिविर के पश्चात् देवलिया द्वारा जेल का निरीक्षण किया गया जिसमें भोजन शाला, महिला एवं पुरूष बैरिक एवं अन्य स्थानों का निरीक्षण किया तथा जेल अधीक्षक राजेश विश्वकर्मा को आवश्यक निर्देश दिये। बंदियों से न्यायालय पेशी, वकील पैरवी, भोजन, उपचार आदि के संबंध में आवश्यक पूछताछ की गई एवं बंदियों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया।

# बंदियों को कराया सूर्य नमस्कार और प्राणायाम



**झाबुआ @ पत्रिका.** विश्व योग दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बंदियों के लिए योग एवं विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन जिला जज राजेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्राधिकरण के सचिव/जिला जज राजेश देवलिया के निर्देशन में हुआ। डॉ. दीपेश टेलर ने बंदियों के लिए सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम आदि आसन योग व्यायाम का अभ्यास कराया।

शिविर को संबोधित करते हुये श्री देवलिया जी ने कहा कि सभी अपने दिनचर्या में नियमित योग व्यायाम को शामिल करना चाहिए। करें योग रहें निरोग के सिद्धांत पर अमल करते हुये प्रतिदिन योग अभ्यास से शरीर चुस्त-दुरूस्त रहता है और सभी प्रकार के संक्रमण से मुक्त होकर ...टी पॉवर बढ़ती है। शिविर ... के उनके कानूनी ... कानूनी प्रावधान बताए गए। आचार्य सुश्मितानंद स्वामी ने बताया कि योग ध्यान के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बनाए रख सकते हैं। योग एवं साक्षरता शिविर के पश्चात् श्री देवलिया ने जेल का निरीक्षण किया तथा जेल अधीक्षक राजेश विश्वकर्मा को आवश्यक निर्देश दिए। बंदियों से न्यायालय पेशी, वकील पैरवी, भोजन, उपचार आदि के संबंध में आवश्यक पूछताछ की एवं बंदियों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया। बाल सम्प्रेक्षण गृह में भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ की ओर से निरूद्ध बालकों को योगा अभ्यास कराया गया तथा सूक्ष्म विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। इसमें बालकों को उनके कानूनी अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम के कानूनी ...

# आसन-प्राणायाम से स्मरण शक्ति बढ़ाएं



**बुरहानपुर●** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुरहानपुर की ओर से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजना बच्चों से मैत्रीपूर्ण संबंध के अंतर्गत सहारा बाल गृह के बच्चों हेतु योग एवं प्राणायाम शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकारी सचिव नरेन्द्र पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि आसन-प्राणायाम से हमारा शरीर प्राकृतिक रूप से स्वस्थ्य होता है और विद्यार्थी जीवन में नियमित प्राणायाम करने से एकाग्रता बढ़ने से स्मरण शक्ति बढ़ती है और बच्चे अच्छा अध्ययन कर सकते हैं। शिविर में मोहन सोनी द्वारा बच्चों को विभिन्न आसन जैसे ताड़ासन, हनुमान आसन, त्रियक ताड़ासन, कटीचक्रासन, तितली आसन, सर्वांग आसन, हलासन, सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम सिखाए गए तथा उन्हें नियमित रूप से करने हेतु प्रेरित किया। मुधकर चौरे ने कहा कि, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु बच्चों को नियमित रूप से खेलकूद एवं योग करना चाहिए।

# न्यायालय परिसर एवं बाल आश्रयगृह किलकारी में आयोजित हुए योग शिविर

**नीमच।**
**( स्वर्णिम हिन्दुस्तान )**

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण मप्र.के निर्देशन एंव प्रधान जिला न्यायाधीश नीमच श्री हृदेश के मार्गदर्शन में 21 जून को विश्व. योग दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की और से बाल आश्रय गृह किलकारी में योग शिविर आयोजित किया गया। नीमच की योग गुरू एवं पैरा लीगल वालेटियर श्वेता ओझा ने बच्चों को योग की आसान क्रियाएं सिखाई । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संजय जैन ने बच्चों को योग के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। किलकारी के मैनेजर श्री वरूण ने प्राधिकरण का आभार व्यक्त किया। विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच की ओर से विश्व योग दिवस के अवसर पर दूसरा योग शिविर



जिला न्यायालय स्थित एडीआरसेंटर भवन के सभाकक्ष में आयोजित किया ।

शिविर में योग गुरू श्वेता ओझा द्वारा उपस्थित न्यायाधीश गण एवं कर्मचारीगण को योग एंव प्रणायाम के विभिन्न आसन सिखाए गए। साथ ही कार्यालय में निंरतर बैठकर कार्य करने से उत्पन्न होने वाली शारीरिक समस्याथएं एंव मानिसक तनाव को दूर करने के आसान उपाय चेयर योगा के रूप में बताए। इसके पूर्व शिविर के प्रारंभ में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री हृदेश द्वारा योग गुरू श्वेता ओझा को पुष्प गुच्छा भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

## वैक्सीनेशन महा...

## नीमच जिले में ... प्रति देखा गया




# स्वस्थ शरीर के लिए करें प्राणायाम



**बुरहानपुर ■ राज न्यूज नेटवर्क**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुरहानपुर की ओर से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजना बच्चों से मैत्रीपूर्ण संबंध के अंतर्गत सहारा बाल गृह के बच्चों हेतु योग एवं प्राणायाम शिविर आयोजित करवाया।

नरेन्द्र पटेल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार से जुड़े एवं सेवा सदन विधि महाविद्यालय के प्राचार्य मोहन सोनी तथा स्वास्थ्य विभाग से मधुकर चौरे द्वारा प्रातः काल सहारा बाल गृह के बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य एवं बीमारियों से बचाव हेतु योग प्राणायाम सिखाये जाने हेतु शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में मोहन सोनी द्वारा बच्चों को विभिन्न आसन जैसे ताड़ासन, हनुमान आसन, त्रियक ताड़ासन, कटीचक्रासन, तितली आसन, सर्वांग आसन, हलासन, सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम सिखाये तथा उन्हें नियमित रूप से करें। जाने हेतु प्रेरित किया। मोहन सोनी द्वारा बच्चों को अवगत कराया कि हमारा शरीर स्वस्थ रहने पर ही बीमारियों से हमारा बचाव हो सकता है। मुधकर चौरे ने कहा कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाये जाने हेतु बच्चों को नियमित रूप से खेलकूद एवं योग करना चाहिए। सचिव नरेन्द्र पटेल द्वारा संबोधित कर कहा कि आसन-प्राणायाम से हमारा शरीर प्राकृतिक रूप से स्वस्थ होता है और विद्यार्थी जीवन में नियमित प्राणायाम करने से एकाग्रता बढ़ने से स्मरण शक्ति बढ़ती है और बच्चे अच्छा अध्ययन कर सकते हैं। सूर्य नमस्कार के बारे में बताते हुए कहा कि एक सूर्य नमस्कार में कई आसन होते है और उसका काफी लाभ होता है। योग से होने वाले लाभों के बारे में अवगत कराया।

इस अवसर पर बच्चों को सर्वप्रथम आसन पूर्व व्यायाम उसके बाद विभिन्न आसन, सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम सिखाये गये। बच्चों ने भी पूर्ण लगन से सीखें और उन्हें नियमित करने का आश्वासन दिया।

# Celebration of "Bharat ka Amrut Mahotsav"

भारत सरकार द्वारा आयोजित ''भारत का अमृत महोत्सव'' कार्यक्रम के शुभारंभ दिवस दिनांक 12.03.2021 को म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला प्राधिकरणों के माध्यम से विधिक सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया था। जिसमें म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में राज्य के 18 आदिवासी बाहुल्य जिले अलीराजपुर, अनूपपुर, बालाघाट, बडवानी, बैतूल, छिंदवाडा, धार, डिण्डौरी, झाबुआ, खण्डवा, मण्डला, मण्डलेश्वर, रीवा, सिवनी, शहडोल, श्योपुर, शिवपुरी एवं उमरिया में आदिवासी समुदाय को लाभांवित किये जाने के उद्देश्य से शिविरों का आयोजन किया गया।

उक्त शुभारंभ के पश्चात् कोरोना महामारी में भी आदिवासी बाहुल्य जिलों द्वारा ऑनलाईन माध्यम से शिविर आयोजित किये जा रहे है, जिसमें जरूरतमंद आदिवासी समुदाय के सदस्यों को विधिक सहायता की जानकारी एवं सलाह भी प्रदान की गई।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झाबुआ

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ द्वारा दिनांक 28.06.2021 जिला न्यायालय परिसर में स्थित न्याय वाटिका में **भारत का अमृत महोत्सव** कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित पक्षकारगण एवं आमजनों को अमृत महोत्सव कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष की गाथा जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एवं समाज के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े हुये वर्गो के उत्थान के लिए विशेष अवसर उपलब्ध कराये जाने की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त शिविर में कोरोना संक्रमण से बचाव, उपाय, आयुष्मान भारत योजना, आदिवासियों के अधिकार, नालसा एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी दी गई। उक्त शिविर में योजनाओं संबंधी ब्रोशर्स भी आमजन को वितरित किये गये। उक्त शिविर से लगभग 50 व्यक्ति लाभांवित हुये।



# Inauguration

## COMMENCEMENT OF LEGAL AID CLINIC

29th June 2021 was a landmark day for the Sarojni Naidu Govt. Girls PG (Autonomous) College, Bhopal as it heralded the commencement of Legal Aid Clinic inaugurated with release of pamphlets and brochures through online mode by Hon'ble Smt. Justice Nandita Dubey, Judge, MP High Court.

The M.P. State Legal Services Authority works under the guidance of Hon’ble Shri Justice Mohammad Rafiq, Patron-in-Chief and Hon’ble Shri Justice Prakash Shrivastava is the Executive Chairman. In the presidential address the Chief Guest Hon’ble Ms. Justice Nandita Dubey expressed her confidence that in coordination with the Legal Services Authority, it was expected that the college will successfully groom the students into responsible citizens.

The Principal of the College Dr. Pratibha Singh expressed that this step shall be a turning point for the students to familiarize with the legal system and effectively reach out to needy people for rights and remedies. In the introductory address the Members Secretary Giribala Singh apprised that the Legal Aid Clinic would serve as a student friendly platform to help marginalized sections in coordination with the District Legal Services Authority. Shri SPS Bundela Secretary DLSA gave the welcome address and the vote of thanks was rendered by Dr. Manisha Sharma, Professor Sociology & Coordinator Legal Aid Clinic. The programme concluded with the rendition of the National Anthem.





Shri Manoj Kumar Singh Additional Secretary, Shri Arvind Shrivastava, Deputy Secretary, Shri Zeeshan Khan, Shri Jitendra Mohan Dhurve, District Legal Aid Officers, students and faculty were also present in the inauguration program.

Legal Aid clinics under the aegis of the Legal Services Authorities have the sacrosanct duty to facilitate accessibility to justice. This Clinic will be run by students for students under supervision of Senior Faculty Members and in coordination with the District Legal Services Authority, Bhopal. The purpose of this Centre is to nurture an attitude of compassion and service among students.

With the inauguration of this Legal Services Clinic on the college campus, students of the college will play a vital role in coordination with the District Legal Services Authority Bhopal and facilitate the needs of marginalized sections of society apart.



TheHitavada

Jabalpur City Line | 2021-06-30 | Page- 4
ehitavada.com

## Legal aid clinic started at Sarojini College

■ Legal Correspondent

TUESDAY was a landmark day for the Sarojini Naidu Government Girls' PG (Autonomous) College, Bhopal as it heralded the commencement of legal aid clinic inaugurated with release of pamphlets and brochures through online mode by Justice Nandita Dubey, Judge, MP High Court. The MP State Legal Services Authority works under the guidance of Justice Mohammad Rafiq, Patron-in-Chief and Justice Prakash Shrivastava is the Executive Chairman. In the presidential address the chief guest Judge Nandita Dubey expressed her confidence that in coordination with the Legal Services Authority, it was expected that the college will successfully groom the students into responsible citizens. The Principal of the College Dr. Pratibha Singh expressed that this step shall be a turning point for the students to familiarize with the legal system and effectively reach out to needy people for rights and remedies. In the introductory address the Members Secretary Giribala Singh apprised that the Legal Aid Clinic would serve as a student friendly platform to help marginalized sections in coordination with the District Legal Services Authority. SPS Bundela Secretary DLSA gave the welcome address and the vote of thanks was rendered by Dr. Manisha Sharma, Professor Sociology & Coordinator Legal Aid Clinic. The programme concluded with the rendition of the National Anthem. Manoj Kumar Singh Additional Secretary, Arvind Shrivastava, Deputy Secretary, Zeeshan Khan, Jitendra Mohan Dhurve, District Legal Aid Officers, students and faculty were also present in the inauguration program. Legal Aid clinics under the aegis of the Legal Services Authorities have the sacrosanct duty to facilitate accessibility to justice. This Clinic will be run by students for students under supervision of Senior Faculty Members and in coordination with the District Legal Services Authority, Bhopal.

Justice Nandita Dubey inaugurating legal aid clinic through the online mode.

Powered by Bharati Web Pvt Ltd



## सरोजिनी नायडू महाविद्यालय में शुरू किया लीगल एड क्लीनिक

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में मंगलवार को लीगल एड क्लीनिक का शुभारंभ किया गया।

मप्र उच्च न्यायालय की न्यायाधिपति नंदिता दुबे ने इसका ऑनलाइन शुभारंभ किया। इस अवसर पर सदस्य सचिव गिरीबाला सिंह, कॉलेज प्राचार्य डॉ प्रतिभा सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एसपीएस बुंदेला डॉ शैलबाला बघेल, डॉ. मनीष शर्मा आदि मौजूद थे। लीगल ए क्लीनिक के माध्यम से छात्राए जरूरतमंद और गरीबों को विधिव सहायता संबंधी मदद कर न्या दान की प्रक्रिया में सहभागिता क सकती हैं।

*A leader is one who knows the way, goes the way, and shows the way.*

*……….John C. Maxwell*

# Training and Webinar

## उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति ग्वालियर




उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति ग्वालियर द्वारा दिनांक 27.06.2021 को हैप्पीनेश एवं अवेयरनेस मिशन क्लब के सहयोग से कोविड-19 महामारी से बचाव, सुरक्षा एवं आवश्यक चिकित्सीय परामर्श के लिये चिकित्सकों के साथ ऑनलाईन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त जागरूकता शिविर का शुभारंभ माननीय न्यायमूर्ति श्री राजीव कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। उक्त ऑनलाईन जागरूकता शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, न्यूरोसर्जन, ट्रॉमा सेंटर प्रभारी, शिशुरोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ ने सम्मिलित होकर परामर्श दिया गया।

### कोरोना काल में डॉक्टर्स ने निभाई अपनी जिम्मेदारीः जस्टिस श्रीवास्तव

श्रीराम एक्सप्रेस, ग्वालियर

कोरोना से बचने के लिये सावधानी और सकारात्मकता दोनों जरूरी हैं। अगर हम सब कोविड दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सकरात्मक सोच की बड़ी लहर बनाएं तो कोरोना की तीसरी लहर टल जाएगी। ये बात माननीय न्यायमूर्ति राजीव कुमार श्रीवास्तव ने ऑन लाइन आयोजित वेबीनार में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से पद जितना बड़ा होता है, जिम्मेदारी भी उतनी बढ़ जाती है। कोरोना काल में डॉक्टर्स ने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से निभाई।

साथ ही यदि आईसीयू या कोविड सेंटर जहां मरीज परिजन नहीं जा पाते वहां ऐसी कैमरा तकनीकि व्यवस्था होनी चाहिये कि परिजन अपने मरीज को देख सकें व उनके संपर्क में रह सकें। वेबीनार का आयोजन उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति व हैप्पीनेस एंड अवेयरनेस मिशन क्लब की ओर से किया गया। इसमें सभी डॉक्टर्स ने अपील करते हुये कहा कि अगर हम सावधानी रखेंगे तो तीसरी लहर हमें बहुत कम प्रभावित कर पाएगी। इसलिये मॉस्क जरूर पहनें, सोशल डिस्टेंस का पालन करें और हाथ सेनेटाइज करते रहें।




शिविर में प्रिंसिपल रजिस्ट्रार विमल प्रकाश शुक्ला, ओएसडी हितेंद्र द्ववेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रीता मिश्रा,न्यूरो सर्जरी रोग विशेषज्ञ डॉ अविनाश शर्मा, ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉ सुनील अग्रवाल, मेडीसिन रोग विशेषज्ञ डॉ अजयपाल सिंह, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रवि अम्बे, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव कवि भार्गव ने चिकित्सा जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ कृष्णा सिंह व विधिक सहायता अधिकारी बृजेन्द्र सिंह भदौरिया ने आभार प्रकट किया। अधिवक्ता आरके जोशी कार्यक्रम की प्रस्तावना पढ़ी। कार्यक्रम को कॉर्डिनेट व सवाल-जवाब हैप्पीनेस एंड अवेयरनेस मिशन क्लब के अध्यक्ष अंशुमान शर्मा ने किये।

### कोरोना से बचने के लिये सावधानी और सकारात्मकता जरूरी : जस्टिस श्रीवास्तव

● आचरण संवाददाता

ग्वालियर। कोरोना से बचने के लिये सावधानी और सकारात्मकता दोनों जरूरी हैं। अगर हम सब कोविद दिशा-निर्देशों का पालन करते हुये सकरात्मक सोच की बड़ी लहर बनाएं तो कोरोना की तीसरी लहर टल जाएगी। ये बात न्यायमूर्ति राजीव कुमार श्रीवास्तव ने ऑनलाइन आयोजित वेबिनार में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से पद जितना बड़ा होता है,जिम्मेदारी भी उतनी बढ़ जाती है। कोरोना काल में डॉक्टर्स ने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से निभाई। साथ ही यदि आईसीयू या कोविद सेंटर जहां मरीज परिजन नहीं जा पाते वहां ऐसी कैमरा तकनीकि व्यवस्था होनी चाहिये कि परिजन अपने मरीज को देख सकें व उनके संपर्क में रह सकें। बेविनार का आयोजन उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति व हैप्पीनेस एंड अवेयरनेस मिशन क्लब की ओर से किया गया। इसमें सभी डॉक्टर्स ने अपील करते हुये कहा कि अगर हम सावधानी रखेंगे तो तीसरी लहर हमें बहुत कम प्रभावित कर पाएगी। इसलिये मॉस्क जरूर पहनें, सोशल डिस्टेंस का पालन करें और हाथ सेनेटाइज करते रहें। शिविर में प्रिंसिपल रजिस्ट्रार विमल प्रकाश शुक्ला, ओएसडी हितेंद्र द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रीता मिश्रा, न्यूरोसर्जरी रोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश शर्मा, ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉ. सुनील अग्रवाल, मेडिसिन रोग विशेषज्ञ डॉ. अजयपाल सिंह, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि अम्बे, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव कवि भार्गव ने चिकित्सा जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कृष्णा सिंह व विधिक सहायता अधिकारी बृजेन्द्र सिंह भदौरिया ने आभार प्रकट किया। अधिवक्ता आरके जोशी कार्यक्रम की प्रस्तावना पढ़ी। कार्यक्रम को कॉर्डिनेट व सवाल-जवाब हैप्पीनेस एंड अवेयरनेस मिशन क्लब के अध्यक्ष अंशुमान शर्मा ने किये।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर द्वारा दिनांक 21.06. 2021 से 24.06.2021 तक ऑनलाईन माध्यम से पैरालीगल वालेंटियर्स हेतु 04 दिवसीय इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर अपराध विधि के अंतर्गत आमजन को आवश्यक न्यूनतम कानूनी जानकारी, जमानत, गिरफ्तारी, जेल बंदियों के अधिकार, दंड प्रकिया संहिता, भा.द.वि. आदि के विषय में तथ्यात्मक सम्यक जानकारी प्रदान दी, श्रम विभाग से सम्मिलित हुए श्रम निरीक्षक द्वारा श्रम विधि के अंतर्गत न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा अधिनियम की संक्षिप्त जानकारी देकर श्रम विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं को विश्लेषणात्मक रूप से समझाया। जिला लोक सेवा प्रबंधन विभाग से उपस्थित जिला प्रबंधक द्वारा आमजन के हितों में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदाय की। तहसील न्यायालय ब्यावरा में पदस्थ प्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा पैरालीगल वालेंटियर्स को संपत्ति अधिकार विधि जैसे अचल संपत्ति का हस्तांतरण, पंजीयन, राजस्व विधि व सम–सामायिक स्तर के संपत्ति विवादों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पैरालीगल वालेंटियर्स द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इसके अतिरिक्त परिवार विधि अंतर्गत विवाह विधि, गोद लेना, भरण–पोषण, हिरासत एवं संरक्षण, तलाक की विधियां, घरेलू हिंसा अधिनियम, महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में अन्य दाण्डिक प्रावधानों व विभिन्न पहलुओं, बालकों से संबंधित विधियों को बताया गया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर द्वारा दिनांक 02.06. 2021 को रिमाण्ड अधिवक्तागण के साथ ऑनलाईन मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में सचिव द्वारा pre-arrest arrest एवं remand के दौरान अभियुक्त का पक्ष समर्थन करने व पुलिस द्वारा थाने में आहुत किए जाने पर अभियुक्त का प्रतिनिधित्व करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये।

*The best preparation for tomorrow is doing your best today.*

*.........H. Jackson Brown, Jr.*

# Legal Services to Disaster Victims under NALSA Scheme

## *Awareness camp organized for the upliftment of Bachhra community*

### DLSA NEEMUCH




DLSA Neemuch organized a Legal awareness camp on 25/06/2021 in coordination with the non-government voluntary organization Jan Sahas. Chairman DLSA apprised the gathering that the objective of camp is to bring the children of the Bachhra community in the main stream of society. He also informed them about their rights. He encouraged the children to study to build their future.

Food items and grocery were also distributed to the needy persons of Bachhra community.

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर



कोरोना महामारी के दौरान संकट की घडी में बांछड़ा समुदाय के लोगों पर भोजन का विकट संकट आ गया था। उक्त तथ्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर के संज्ञान में आया। जिसके पश्चात् जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर द्वारा दिनांक 01.06.2021 को प्रोजेक्ट मिशन मुक्ति कार्यक्रम के समन्वय से बांछडा समुदाय के गांव में पहुंच कर देह व्यापार में लिप्त महिलाओं के परिवारों को 21 सामग्री की राशन किट एवं दवाई किट वितरित की गई। इस अवसर पर एक विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया।



**कुरीति से आहत बांछड़ा समुदाय को शिक्षा से मिलेगी राहत - जिला न्यायाधीश**

**मंदसौर।** लगातार लोक डाउन ,वैश्विक महामारी के चलते बांछड़ा समुदाय के लिए प्रोजेक्ट मिशन मुक्ति के साथ जिला न्यायाधीश मंदसौर बांछड़ा समुदाय के गांव में सहारा बन कर पहुंचे इस संकट काल की विकट परिस्थिति के कारण बांछड़ा समुदाय की रोटी पर भी संकट आ गया था जिसको जिला न्यायाधीश मंदसौर विजय कुमार पाण्डेय ने समझा और एक एनजीओ प्रोजेक्ट मिशन मुक्ति के साथ जाकर उन उम्मीदों को यथार्थ में परख कर उन्हें राशन कीट और मेडिसिन दी । जिला न्यायाधीश मंदसौर विजय कुमार पाण्डेय ने अपर जिला न्यायाधीश रईस खान,चीफ जुडिशल मजिस्ट्रेट आशीष प्रताप सिंह,प्रोजेक्ट मिशन मुक्ति कॉर्डिनेटर आकाश चौहान,एडवोकेट लक्ष्मण सिंह भाटी,सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र पाटीदार,विश्वजीत सिंह भाटी छोटा सा,नाहरगढ़ टी आई गिरीश जेजूलकर के साथ आटा,सभी प्रकार की दालें,चावल,मिर्ची पावडर, हल्दी, साबुन, चाय पत्ती, खाने का तेल,शक्कर,टूथ पेस्ट,गुड,बेसन ,जीरा, नमक, सहित 21 वस्तुए सहित बड़ा राशन किट दो माह का दिया,जरूरत मंदो का दवाइयों का किट भी दिया गया।

कल सांय 6 बजे मंदसौर जिले के ग्राम नीरधारी,पालीया मारू,कोलवा गांव के एनजीओ द्वारा चिन्हित 28 समुदाय के गरीब परिवारों जिला न्यायाधीश विजय कुमार पाण्डेय ने किट वितरण किये। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश विजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि कुरुती, सामाजिक बुराई से आहत को शिक्षा से ही राहत मिल सकती है ।सामाजिक बुराई का अंत शिक्षा के प्रसाद से ही मिलेगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि हमने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से कम्युनिटी के कल्याण के लिए कई कार्यक्रम संचालित है। जिला न्यायाधीश बोले हमें इस एनजीओ के मदद से ने यह पता चला है कि कम्युनिटी की बालिकाएं पढ़ लिख कर हमारे क्षेत्र में ही प्रशासनिक अधिकारी के पद पर आसीन है वे भी आपके समुदाय की है प्रेरणा लीजिए उनसे ।उन्होंने कहा कि बुराई के अंत में शिक्षा के सहारे से जीत होती ही है

अपर जिला न्यायाधीश रईस खान ने कहा कि आप इस कोविड महामारी में कोविड गाइड लाइंस का पालन करे हमने कई लोगो को खोया है आपकी जब आवश्यकता होगी मदद करते रहेंगे और करवाएंगे, ,उन्होंने कहा आप ने अभी तक वैक्सिनेशन नहीं करवाया तो यह जरूरी है कि आपको वैक्सीन लगवाना चाहिए ।चीफ जुडिशल मजिस्ट्रेट आशीष प्रताप सिंह ने कहा कि विधिक सेवा और एनजीओ प्रोजेक्ट मिशन मुक्ति में आपके तीन गांवों के परिवारों को चिन्हित कर आपके लिए सेवा देने का प्रयास किया है । अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह भाटी ने कहा ने कहा कि इस महामारी में आपकी आस जो आपको अपेक्षित थी , उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर और प्रोजेक्ट मिशन मुक्ति ने पूरी की, वहीं एनजीओ आकाश चौहान ने कहा कि हमारा उद्देश्य सहारा भी बनना और कम्युनिटी को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए लगातार बर बार कार्य करना, जो हम करने के लगातार प्रयास कर रहे है ।कार्यक्रम में एसडीएम, टी आई गिरीश जेजुलकर,रविन्द्र पाटीदार, विश्वजीत सिंह भाटी(छोट्सा) सहित सहायक मौजूद रहे।

# Panch 'J'

## Preserving Our Beautiful Blue Planet

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी द्वारा दिनांक 13.06.2021 को पर्यावरण संरक्षण एवं विधिक जागरूकता के उद्देश्य से साईकिल रैली का आयोजन किया गया। उक्त रैली जिला एवं सत्र न्यायालय कटनी से प्रारंभ होकर न्याय निकुंज, करहिया, बड़ागांव, पिपरिया होते हुये ग्राम घुघरा तक आयोजित की गई। पर्यावरण संरक्षण हेतु जिला न्यायालय परिसर एवं न्याय निकुंज हेतु लगभग 100 फलदार वृक्ष क्रय कर वृक्षारोपण किया गया। रैली के माध्यम से ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रोत्साहित करने के साथ–साथ वैक्सीनेशन लगवाने, मास्क पहनने, कोरोना महामारी के संक्रमण की रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाने हेतु जानकारी दी। ग्राम पंचायत बड़ागांव में आयोजित शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा मध्यस्थता, निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता, लोक अदालत, अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना के संबंध में जानकारी प्रदान की।



**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा साईकल रैली का आयोजन**

**पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

कटनी/ब्यूरो

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में 13 जून को साईकिल रैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह रैली जिला एवं सत्र न्यायालय कटनी से प्रारंभ कर न्याय निकुंज, करहिया, बड़ागांव, पिपरिया होते हुये ग्राम घुघरा तक आयोजित की गई। इस रैली के माध्यम से न्याय निकुंज से घुघरा तक सम्मिलित ग्रामवासियों को कोरोना महामारी के संक्रमण की रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाने, स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के लिये सुझाव एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रोत्साहित करने का कार्य किया गया। इस अवसर कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव हेतु शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का पालन करें एवं टीकाकरण अभियान में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। उक्त साईकिल रैली के माध्यम से आयोजित पर्यावरण संरक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर में प्रधान न्यायाधीश फेमिली कोर्ट आर.पी. सोनी विशेष न्यायाधीश, संजीव कुमार पाण्डेय, अनिल कुमार, अभिषेक सिंह, राजेश कुमार, सूर्यप्रकाश शर्मा, दिनेश कुमार नोटिया ऐडीजे, इंदुकांत तिवारी सीजेएम, श्रीकृष्ण बुखारिया, मुदित लटोरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।



## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में 'पंच–ज' अभियान के अंतर्गत एक अनोखी पहल की गई। जिसमें सीड बॉल्स के माध्यम से वृक्षारोपण करने का कार्य किया गया। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर द्वारा न्यायालय परिसर में दिनांक 14.06.2021 को पक्षकारों को पौधे एवं सीड बॉल्स वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उक्त अवसर पर जानकारी दी कि यह एक ऐसी पहल है जिसमें वृक्षारोपण हेतु किसी विशेष परिश्रम की आवश्यकता नहीं होती है, अपितु मिट्टी की बॉल के अन्दर ही पौधे के बीज को रख दिया जाता है। इस बॉल को जहां भी फेका जाता है वह पौधा बन जाता है। इस अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालेंटियर्स द्वारा लगभग 10 तरह के बीजों से सीड बॉल्स तैयार की गई, तदोपरांत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अधिवक्तागण, पुलिस बल, पैरालीगल वालेंटियर्स की टीम द्वारा मंदसौर शहर के नयाखेड़ा बायपास पर जाकर सीड बॉल्स का वितरण ट्रक, बस, कार एवं मोटर सायकल चालकों को किया गया एवं उन्हें सीड बॉल्स को रोड के किनारे झाडियो या कच्चे स्थान पर फेंकने हेतु अनुरोध किया। राहगीरों द्वारा उक्त कार्य की सराहना की गई।








# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित टीकाकरण अभियान

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए जिला प्रशासन के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में वैक्सीनेशन शिविरों का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालेंटियर्स द्वारा वैक्सीनेशन सेंटर्स पर जाकर लोगों को कोरोना महामारी से बचाव के संबंध में जानकारी दी तथा आमजन में वैक्सीन के प्रति भ्रांतियों को दूर कर लोगों को वैक्सीन लगवाने हेतु प्रेरित किया गया।

## ट्रांसजेण्डर्स समुदाय भी टीकाकरण में रहा अग्रणी......

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर द्वारा ट्रांसजेंडर वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग तथा थर्ड जेंडर पैरालीगल वालेंटियर संध्या घावरी एवं नूरी खान के विशेष प्रयासों इंदौर शहर में किन्नर समाज के लिए कोविड–19 वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित किया गया।










DLSA DEWAS



DLSA KHANDWA




DLSA RAISEN



DLSA ANUPPUR




DLSA DHAR




DLSA INDORE



DLSA BHIND



DLSA HOSHANGABAD



DLSA HARDA



DLSA MANDSAUR



DLSA SEONI



DLSA BARWANI

# Media News…

## विधिक सेवा समिति द्वारा लगाया वैक्सीन कैम्प

अग्रिमशाल न्यूज/ब्यावरा



ब्यावरा में अपर सत्र न्यायाधीश ब्यावरा निवेदिता मुद्गल की अध्यक्षता में तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा समस्त अधिवक्ताओं और नागरिकों के लिए वैक्सीन लगाने का कैम्प आयोजित किया गया,वहीं अभिभाषक कक्ष ब्यावरा में 18+ वैक्सीनेशन कैम्प सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया था जिसमें बुधवार को कैम्प के तहत 160 व्यक्तियों को कोवीसील्ड वैक्सीन का टीकाकरण किया गया,जिसमें स्वास्थ्य विभाग ब्यावरा टीम श्री मति रेखा मेवाड़े एवं पूजा माहोर सहभागिता निभाई इस समय ब्यावरा विधिक सेवा समिति से

निवेदिता मुद्गल-प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ब्यावरा,प्राची शर्मा उपाध्याय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग1, अंशुल मंगल सिविल व्यवहार न्यायाधीश वर्ग2, परमान्द सनोडिया व्यवहार न्यायाधीश वर्ग2 के साथ चंद्रकांत त्रिपाठी अध्यक्ष अभिभाषक संघ ब्यावरा, सचिन श्रीवास्तव सचिव अभिभाषक संघ ब्यावरा, वरिष्ठ अभिभाषक सुरेन्द्र कुशवाह, अभिभाषक जी.डी. शाक्यवार, सुधीर सक्सेना, ओपी शर्मा, सन्तोष राय न्यायालय ब्यावरा, रवि शर्मा पैरालीगल वालेन्टियर ब्यावरा कोर्ट समिति के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

ग्रामीणों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविर

## टीकाकरण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए लगा विधिक साक्षरता शिविर

भास्कर संवाददाता | नरसिंहगढ़

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की ओर से शनिवार को ग्राम पंचायत खेड़ी में ग्रामीणों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करने के लिए और गांव को कोरोना मुक्त बनाने के लिए जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रभात मिश्रा की मौजूदगी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अपर जिला न्यायाधीश और विधिक सेवा समिति तहसील अध्यक्ष शशी सिंह ने ग्राम को कोरोना मुक्त बनाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि टीकाकरण बहुत ही महत्वपूर्ण है प्रत्येक नागरिक को टीका लगवाना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि सभी लोग गाइडलाइन का पालन करें, मास्क लगाकर ही आए- जाएं, हाथों को बार-बार सैनिटाइज करें और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अवश्य करें। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए लाभ पहुंचाने की बात भी कही। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर स्कूल परिसर में नीम का पौधा लगाया और वृक्षारोपण के महत्व के बारे में भी बताया।

इस दौरान ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर गौरव त्रिपाठी ने कहा कि टीकाकरण के प्रति फेल रही अफवाहों से बचें और टीकाकरण अवश्य करवाएं। इसके अलावा गांव में घूमकर आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर सरपंच मुकेश दांगी, सचिव देवेंद्र प्रताप सिंह, सहायक सचिव पुरुषोत्तम दांगी, स्वास्थ्य कर्मी सपना अहिरवार, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दीपिका गौर, हरिओम जाटव, असद खान, फराह खान, नितेश कटारिया, रामेंद्र कोष्टी आदि मौजूद रहे।

ग्रामीणों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविर

टीकाकरण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए लगा विधिक साक्षरता शिविर

भास्कर संवाददाता | नरसिंहगढ़

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की ओर से शनिवार को ग्राम पंचायत खेड़ी में ग्रामीणों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करने के लिए और गांव को कोरोना मुक्त बनाने के लिए जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रभात मिश्रा की मौजूदगी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अपर जिला न्यायाधीश और विधिक सेवा समिति तहसील अध्यक्ष शशी सिंह ने ग्राम को कोरोना मुक्त बनाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि टीकाकरण बहुत ही महत्वपूर्ण है प्रत्येक नागरिक को टीका लगवाना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि सभी लोग गाइडलाइन का पालन करें, मास्क लगाकर ही आए- जाएं, हाथों को बार-बार सैनिटाइज करें और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अवश्य करें। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए लाभ पहुंचाने की बात भी कही। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर स्कूल परिसर में नीम का पौधा लगाया और वृक्षारोपण के महत्व के बारे में भी बताया।

इस दौरान ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर गौरव त्रिपाठी ने कहा कि टीकाकरण के प्रति फेल रही अफवाहों से बचें और टीकाकरण अवश्य करवाएं। इसके अलावा गांव में घूमकर आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर सरपंच मुकेश दांगी, सचिव देवेंद्र प्रताप सिंह, सहायक सचिव पुरुषोत्तम दांगी, स्वास्थ्य कर्मी सपना अहिरवार, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दीपिका गौर, हरिओम जाटव, असद खान, फराह खान, नितेश कटारिया, रामेंद्र कोष्टी आदि मौजूद रहे।

## ...डीआर भवन में आयोजित किया गया कोविड टीकाकरण कार्यक्रम

...यसेन (आरएनएन)। जिला ...सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष ... विधिक सेवा प्राधिकरण ...र नाथ के मार्गदर्शन में जिला ...क सेवा प्राधिकरण द्वारा ...ार सेंटर में सोशल डिस्टेंसिंग ...पालन करते हुए स्लॉट पर ...लाईन रजिस्ट्रेशन उपरांत ...करण कार्यक्रम आयोजित किया ...इसमें जिला मुख्यालय रायसेन ...दस्थ न्यायिक अधिकारीगण, ...क कर्मचारीगण, जिला ...वक्ता संघ रायसेन के ...वक्तागण, विधिक सेवा ...करण के अधिकारी ...ारीगण, पैनल लॉयर, ...गल वॉलेंटियर्स और उनके ...रजन के लिए कोविड 19 ...करण हेत 18 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिए स्लॉट पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन उपरांत टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती संगीता यादव द्वारा कोविड.19 टीकाकरण के फायदे कोविड.19 से बचाव संबंधी जानकारी और कोरोना बीमारी के समय पर उपचार प्रारंभ होने के फायदे के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस टीकाकरण कार्यक्रम में 97 लोगों का टीकाकरण किया गया। सचिव के द्वारा उपस्थित सभी व्यक्तियों को अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण करवाये जाने हेतु प्रेरित किया गया। लोगों को मास्क और सेनेटाइजर के उपयोग के बारे में बताया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन, शरद भामरकर प्रथम अपर जिला न्यायाधीश रायसेन एवं न्यायालय में पदस्थ अन्य न्यायाधीशगण, न्यायिक कर्मचारीगण, विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी, पैनल लॉयर तथा पैरालीगल वॉलेंटियर्स उपस्थित रहे।



## विधिक अधिकारियों, कर्मचारियों और वालेंटियर्स का टीकाकरण

### जिला न्यायालय के एडीआर भवन में लगाया गया विशेष शिविर

ताप्ती दर्शन, **बैतूल**



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अफसर जावेद खान के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिला न्यायालय परिसर (एडीआर भवन) में टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। इसमें कुल 210 अधिकारी, कर्मचारी और वालेंटियर्स को टीके लगाए गए। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला न्यायालय के संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी, पैनल लायर्स एवं पैरालीगल वालेंटियर्स तथा न्यायालयीन कर्मचारियों को कोवैक्सीन का प्रथम डोज लगाया गया। शिविर शेष पेज 2 पर...

खंडवा | पत्रिका | 08 | पत्रिका patrika.com | खंडवा, मंगलवार, 15 जून, 2021

-विधिक सेवा ने किया भ्रांतियों को दूर, पहले ही शिविर में 100 लोगों ने लगाया टीका

## 5 माह से एक भी ग्रामीण ने नहीं लगाया टीका, समझाइश के बाद शिविर में डोज पड़ गए कम

पत्रिका अभियान

सभी को लगे वैक्सीन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क



### 251 लोगों ने लगवाया टीका

### वैक्सीन लगाने के बाद चिपकने लगे शरीर से चम्मच और सिक्के



### रिकार्ड 10 हजार से ज्यादा का हुआ टीकाकरण

# विवाद विहीन ग्राम योजना

## Distribution of Sanitization kits, Ration kits & Fruits in Litigation Free Village Bija, Patan



## विवाद विहीन ग्राम बीजा में राहत सामग्री का वितरण

### मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने पहुँचाई मदद

कार्यालय संवाददाता | जबलपुर

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने पाटन के विवाद विहीन ग्राम बीजा में राहत सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर ग्रामीणों को कोरोना से बचाव के लिए तरीके भी बताए गए। यह कार्यक्रम प्राधिकरण के संरक्षक एवं मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस मोहम्मद रफीक और प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष और हाईकोर्ट के प्रशासनिक जज जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

प्राधिकरण की सदस्य सचिव गिरिबाला सिंह ने बताया कि ग्राम बीजा में ग्रामीणों को राशन किट, मास्क, सेनिटाइजर, ग्लव्स, जिंक टेबलेट किट, फल और बिस्कुट दिए गए। ग्रामीणों को बताया कि दो गज की दूरी ही कोरोना से बचाव का सबसे अच्छा तरीका है। इसके अलावा ग्रामीणों को वैक्सीन लगवाने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस मौके पर प्राधिकरण के अतिरिक्त सचिव मनोज कुमार सिंह, तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष रामबरेश यादव, कमल मिश्रा, जीशान खान और मोहम्मद जिलानी भी मौजूद थे। पी-4

Under the able guidance of Hon'ble Shri Justice Mohammad Rafiq Patron-in-Chief and Hon'ble Shri Justice Prakash Shrivastava, Executive Chairman, M.P. State Legal Services Authority Officers and officials of the State Legal Services Authority visited Village Bija and Village Baroda Tehsil Patan District Jabalpur identified as Litigation Free Village on 02nd June 2021. This occasion was marked with the distribution of ration kits/fruits, Sanitization Kits including Masks, Sanitizer, Gloves, zinc tablets etc. to needy rural children and families with the help of K.E.C. Company & various NGOs while adhering to Covid 19 protocol.

Along with this, awareness was spread regarding prevention of corona virus and the villagers were also motivated to get vaccinated. On this occasion, villagers submitted their grievances to which the Officers directed the concerned to resolve such grievances.



The Litigation Free Village Scheme is the flagship programme of MPSLSA where at least one village in each Taluka is supported by the Legal Services Institution by constitution of the ***Legal Self-Service Group*** to promote free and proactive legal aid mechanisms for dispute resolution

at the grassroot level. Committed efforts are being made to upgrade the status of these villages to Adarsh Gram.

In the said program, Shri Manoj Kumar Singh Additional Secretary MPSLSA, Shri Rambaresh Yadav, Chairman Tehsil Legal Services Committee Patan, Shri Kamal Mishra HR Head K.E.C. Company, Legal Aid Officer Mr. Zeeshan Khan and Mr. Muhammad Jilani, Village Sarpanch, Secretary, Doctor of the local health center and Paralegal Volunteers were also present.




*Coming together is a beginning; keeping together is progress; working together is success.*

*...........Edward Everett Hale*

# कोरोना मुक्त गाँव के संबंध में वेबिनार का आयोजन

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिनांक 08.06.2021 को कोरोना मुक्त ग्राम कोरोना मुक्त भारत अभियान विषय पर ऑनलाईन बेबिनार का आयोजन ग्राम सेवा समिति एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल के समन्वय से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव गिरिबाला सिंह द्वारा की गई। बेबिनार में मुख्यवक्ता के रूप में डॉ. आर.के. पालिवाल एवं विशेषवक्ता डॉ. सुरेश गर्ग उपस्थित रहे।

आयोजित बेबिनार में इस विषय पर जोर दिया गया कि ग्रामीण अंचलों में अधिक से अधिक टीकाकरण हो, इस हेतु लोगों को प्रेरित किया जा सके, इसके साथ ही गाँवों में हाट, बाजार में सामाजिक दूरी का पालन करें, इस हेतु भी गाँव के निवासियों को जागरूक किया जाना जरूरी है। ग्रामीणजन बुखार या सर्दी–खांसी से पीडित हों, तो वह नीम–हकीम के पास न जाकर सीधे डॉक्टर से संपर्क करें। चूँकि ग्रामीण अंचलों में चिकित्सीय सुविधाओं का अभाव रहता है। अतः जागरूकता एवं टीकाकरण ही एक मात्र कोरोना से बचाव का उपाय है। यह भी उल्लेखनीय है कि कोरोना मुक्त ग्राम के संबंध में एस.ओ.पी. बनाई जाकर म0प्र0 राज्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा कोरोना मुक्त जागरूकता अभियान संचालित कर प्रदेश में चयनित लगभग 490 ग्रामों में वर्तमान समय तक लगभग 56,000 व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा चुका है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पैरालीगल वालेंटियर्स एवं बाल मित्र के संयुक्त प्रयास से गाँवों को कोरोना मुक्त बनाया जा रहा है। प्रदेश के समस्त गाँव को कोरोना मुक्त बनाये जाने का दिशा में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयासरत है।



## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर द्वारा दिनांक 03.06.2021, 04.06.2021, 09.06.2021 एवं 10,06,2021 विवाद विहीन ग्राम योजना अंतर्गत गठित सेवा दल के सदस्यों के साथ ऑनमाध्यम से परिचर्चा का आयोजन किया गया। उक्त परिचर्चा में ग्राम को कोरोना मुक्त ग्राम बनाने हेतु सार्थक प्रयास किये जाने, कोविड 19 महामारी के अनुरूप व्यवहार करने, मध्यस्थता योजना, लोक अदालत योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झाबुआ

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ द्वारा दिनांक 16.06.2021 को विवाद विहीन ग्राम मेलपाड़ा में जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग झाबुआ के समन्वय से कोविड–19 वैक्सीनेशन शिविर आयोजित किया गया। टीकाकरण के लिये ग्रामवासियों ने उमंग एवं उत्साह दिखाया तथा टीकाकरण कैंप के साथ–साथ नालसा (आपदा पीड़ितों को विधिक सेवाऐं) योजना–2010 अंतर्गत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में सभी नागरिकों से मास्क पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने एवं वैक्सीन लगवाने की अपील की गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीकाकरण कैंप के साथ–साथ स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें मौके पर ही ग्रामीणों की स्वास्थ्य संबंधी ब्लड प्रेशर, शुगर एवं अन्य बीमारियों की जांचे की गई आवश्यकतानुसार दवाईयों का वितरण कर चिकित्सकों द्वारा उचित सलाह व परामर्श दिया गया। उक्त वैक्सीनेशन शिविर के माध्यम से कुल 60 ग्रामीणों का टीकाकरण हुआ तथा विधिक साक्षरता शिविर से लगभग 100 व्यक्ति लाभांवित हुये। गांव में शत–प्रतिशत टीकाकरण का प्रयास किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ द्वारा शिविर में टीका लगवाने वाले नागरिकों एवं उपस्थित बच्चों को की ओर से बिस्किट के पैकेट, मास्क एवं ओ. आर.एस. घोल के पैकेट वितरित कराये गये।



## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रतलाम

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रतलाम द्वारा दिनांक 18.06.2021 को ग्राम भाकरखेड़ी तहसील पिपलोदा जिला रतलाम में विवाद विहीन ग्राम योजना, 2000 के अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया। विवाद विहीन ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम भाकरखेड़ी तहसील पिपलोदा को चिन्हित किया गया है, शिविर आयोजन के दौरान विवाद विहीन ग्राम के सरपंच, शिक्षक, प्रतिष्ठित व्यक्ति एवं अधिकारीगण के साथ सेवा दल का गठन किया गया। सेवा दल के गठन पश्चात कोरोना मुक्त ग्राम हेतु ग्राम वासियों को कोरोना गाइडलाइन का पालन कराते हुए सैनिटाइजर एवं मास्क वितरित किए गए। सचिव द्वारा ग्रामवासियों को वैकल्पिक विवाद समाधान के विभिन्न माध्यमो की जानकारी दी गई तथा उन्हें भविष्य में विवाद ना करने की सलाह दी गई। ग्राम में कोरोना काल के दौरान मास्क पहनने, सामाजिक दूरी का पालन करने एवं सैनिटाइजर का उपयोग करने हेतु जानकारी दी गई। योजना अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रतलाम तथा तहसील विधिक सेवा समिति जावरा के फोन नंबर व मेल आई डी तथा योजना की जानकारी से संबंधित पेंफलेट्स वितरित एवं चस्पा किये गए। उक्त कार्यक्रम में 200 व्यक्ति लाभान्वित हुए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रतलाम द्वारा जिला रतलाम के अन्य ग्रामों को भी विवाद विहीन ग्राम योजना अंतर्गत चिन्हित किए जाने हेतु कार्यवाही निरंतर की जा रही है।




*Coming together is a beginning; keeping together is progress; working together is success.*

*……….Edward Everett Hale*

# Media News….

## ग्राम बड़वेल में कोरोना महामारी से बचाव पर लगाई कार्यशाला



महेश्वर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार, तहसील विधिक सेवा समिति महेश्वर, के माध्यम से 'कोरोना मुक्त गांव' की कार्ययोजना का विवाद विहीन ग्राम बडवेल में प्रचार प्रसार हेतु कोविड 19 नियमानुसार ग्राम पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इसमें सोशल डिस्टेंसिंग, आमजन को मास्क लगाने, बार बार हाथ धोने, घर में रहने तथा अत्यंत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकले व शासन के द्वारा जो टीकाकरण वैक्सीन के रूप में किया जा रहा है उसे समय पर रजिस्ट्रेशन करवाकर आवश्यक रूप से वैक्सीनेशन करवाए तथा जिन लोगों को वैक्सीन टीका लग चुका है वह व्यक्ति 42 दिन के बाद अवश्य दूसरा वैक्सीन लगवाए। ग्रामीण जन को जानकारी देते हुए बताया कि भय डर बिल्कुल ना रखें वह धैर्य रखें तथा निम हकीम के चक्कर में न आकर सीधे सरकारी हॉस्पिटल में जाकर अपना चेक आप करवाए।यह समय अभी विपरीत परिस्थिति वाला है, यह जल्दी निकल जाएगा और हम फिर से एक अच्छे माहौल में आयेगे, घूमेंगे तिज त्योहार मनाएंगे, एक दूसरे के घर आना जाना होगा।

शासन द्वारा वर्तमान समय में धारा 144 के तहत कर्फ्यू लगाया गया है, जिसका हम सभी को पालन करते हुए, प्रतिबंधात्मक रूप में शादी विवाह व मृत्यु भोज बिल्कुल बन्द है व मृत्यु होने पर मात्र 5 लोगो को ही परमिशन है, ऐसी जानकारी पैरा लीगल वालंटियर जितेन्द्र सेन ने दी। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी प्रदीप वर्मा द्वारा किया गया।

**आयोजन** • जजों ने ग्रामीणों को किया प्रेरित, कहा बीमारी से बचने के लिए टीकाकरण जरूर करवाएं

## गांव मेलपाड़ा में लगा कैंप, 60 लोगों ने लगवाया टीका

भास्कर संवाददाता | झाबुआ

जिला न्यायालय व विधिक सेवा प्राधिकरण ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ग्राम मेलपाड़ा में बुधवार को टीकाकरण शिविर लगाया। यह ग्राम विवाद विहीन है, लिहाजा प्राधिकरण ने शिविर के लिए इसे ही चुना। शाम तक 60 ग्रामीणों ने टीका लगवाया। ग्राम के प्राथमिक विद्यालय सुबह 10 बजे शिविर का शुभारंभ जिला जज राजेश कुमार गुप्ता ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद ग्रामीणों में टीकाकरण के लिए उत्साह देखा गया।



जिला जज, कलेक्टर, एसपी ने पहुंचकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

शाम तक 60 ग्रामीण टीका लगवाने पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से लगे शिविर में ऑनसाइट रजिस्ट्रेशन कर ग्रामीणों का टीकाकरण किया गया।शिविर को संबोधित करते अपर जिला जज देवलिया ने ग्रामवासियों से कहा कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए टीका ही संजीवनी है। 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोग वैक्सीन लगवा कर सुरक्षित रह सकते हैं। उन्होंने कहा परिवार में वयस्क सदस्य टीकाकरण करा लेते हैं तो परिवार के बच्चे भी संक्रमण से सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने सभी को मास्क पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने एवं भीड़-भाड़ से बचने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट अमन सुलिया, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, एसपी आशुतोष गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, सीएमएचओ जयपाल सिंह ठाकुर, जिला टीकाकरण अधिकारी राहुल गणावा, सीईओ जनपद पंचायत चंद्रसिंह मंडलोई, तहसीलदार प्रवीण ओहरिया आदि मौजूद थे।

### टीकाकरण के साथ स्वास्थ्य जांच कर परामर्श दिया

स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीकाकरण कैंप के साथ-साथ स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया। ग्रामीणों का ब्लड प्रेशर, शुगर एवं अन्य बीमारियों आदि की जांच की गई। इसके बाद चिकित्सक द्वारा आवश्यकतानुसार दवाई व परामर्श दिया गया। गांव में आगामी दिनों में भी कैंप लगाया जाएगा ताकि गांव में शतप्रतिशत टीकाकरण हो सके। टीका लगवाने वालों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बिस्किट के पैकेट, मास्क एवं ओआरएस घोल के पैकेट बांटे गए।

## वेंगवा कला, रम्पुरा खुर्द, गैलपुर और गगनवाड़ा गांव कोरोना मुक्त

### विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया कार्यक्रम



जागरण, सिलवानी। बेगंवा कला ग्राम पंचायत के तहत आने वाले गांव वेंगवा कला, रम्पुरा खुर्द, गैलपुर एवं गगनवाड़ा के कोरोना मुक्त होने पर विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा वेंगवा कला गांव में षिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीष नीरज प्रजापति विषेष रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायाधीष नीरज कुमार प्रजापति ने ग्रामीणो को जागरुक करते हुए कहा कि कोरोना महामारी से बचने के लिए वैक्सीन आवष्यक रुप से लगवाए। बेवजह घर से ना निकले, मास्क लगाएं, दिन में कई बार साबुन से हाथ धोए,सामाजिक दूरी का पालन करें।

साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए उचित पोषण आहार लेने को प्रेरित किया गया। यहां पर न्यायाधीष के द्वारा लोगो को मास्क व सैनिटाइजर का भी वितरण किया गया। आयोजित षिविर में जनपद सीईओ रष्मि चौहान, ग्राम पंचायत सचिव साहव सिंह लोधी, सहायक सचिव सुमन जाटव, पटवारी संजू अजनावे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मीबाई, आशा कार्यकर्ता बबली कुशवाहा, शासकीय अध्यापक रघुवीर साहू, सामाजिक कार्यकर्ता फैजउल्ला खाँ, शुभम चौरसिया तथा पी.एल.व्ही. कार्यकर्ता प्रहलाद सिंह एवं अन्य ग्रामीण मौजूद रहें । कोरोना गाईड लाईन का पालन करते हुए कार्यक्रम में लोगो के द्वारा सहभागिता की गई। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकारण जबलपुर के निर्देशन अनुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन ओमकारनाथ गुप्ता के मार्गदर्शन एवं सहयोग से तहसील विधिक सेवा समिति सिलवानी के अध्यक्ष नीरज कुमार प्रजापति द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्ययोजना ग्राम हो कोरोना मुक्त के आलोक में पूर्व में व्ही.सी. के माध्यम से शिविर आयोजित किए थे। कोविड-19 से बचाव हेतु सामान्य हिदायतें दी थीं, जिस पर सीईओ जनपद पंचायत द्वारा ग्रामों में मास्क का वितरण किया गया, पीएलवी. प्रहलाद सिंह रघुवंशी तथा तहसील अंतर्गत समस्त आंगनवाडी कार्यकतोओ के द्वारा ग्राम जन में जागरूकता संदेश फैलाया गया।

वेंगवा कला, रम्पुरा खुर्द, गैलपुर एवं गगनवाड़ा गांव

## कोरोना मुक्त होने पर किया गया कार्यक्रम आयोजित

### विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया आयोजन

स्वदेश संवाददाता, सिलवानी



बेगंवा कला ग्राम पंचायत के तहत आने वाले गांव वेंगवा कला, रम्पुरा खुर्द,गैलपुर एवं गगनवाड़ा के कोरोना मुक्त होने पर विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा वेंगवा कला गांव में शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीश नीरज प्रजापति विशेष रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायाधीश नीरज कुमार प्रजापति ने ग्रामीणो को जागरुक करते हुए कहा कि कोरोना महामारी से बचने के लिए वैक्सीन आवश्यक रुप से लगवाए। बेवजह घर से ना निकले, मास्क लगाए, दिन में कई बार साबुन से हाथ धोए,सामाजिक दूरी का पालन करे। साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए उचित पोषण आहार लेने को प्रेरित किया गया। यहां पर न्यायाधीश के द्वारा लोगो को मास्क व सैनिटाईजर का भी वितरण किया गया। आयोजित शिविर में जनपद सीईओ रश्मि चौहान, ग्राम पंचायत सचिव साहब सिंह लोधी, सहायक सचिव सुमन जाटव, पटवारी संजू अजनावे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मीबाई, आशा कार्यकर्ता बबली कुशवाहा, शासकीय अध्यापक रघुवीर साहू, सामाजिक कार्यकर्ता फैजउल्ला खाँ, शुभम चौरसिया तथा पी.एल.व्ही. कार्यकर्ता प्रहलाद सिंह एवं अन्य ग्रामीण मौजूद रहें । कोरोना गाईड लाईन का पालन करते हुए कार्यक्रम में लोगो के द्वारा सहभागिता की गई। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकारण जबलपुर के निर्देशन अनुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन ओमकारनाथ गुप्ता के मार्गदर्शन एवं ... द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्ययोजना ग्राम हो कोरोना मुक्त के आलोक में पूर्व में व्ही.सी. के माध्यम से शिविर आयोजित किये गये थे तथा सिलवानी तहसील अंतर्गत ग्रामों को कोरोना मुक्त करने के प्रयोजन से पैरालीगल वालेंटियर, ग्राम पंचायत सरपंच, ग्राम पंचायत सचिव, जनपद पंचायत, आंगनवाडी कार्यकर्ता तथा ग्रामीण लोगों को जोडकर कोविड-19 से बचाव किये जाने हेतु सामान्य हिदायते दी थी । जिस पर सीईओ जनपद पंचायत द्वारा ग्रामों में मास्क का वितरण किया गया, पीएलवी. प्रहलाद सिंह रघुवंशी तथा तहसील अंतर्गत समस्त

## सियरमऊ गांव में बनाया वैक्सीनेशन सेंटर

### पहले ही दिन 140 युवाओं ने लगवाया टीका



**सिलवानी** • कोरोना महामारी की चपेट में आने से युवाओं को बचाए जाने को लेकर अंचल के गांव सियरमऊ में 18 प्लस का वेक्सीनेशन सेंटर बनाया गया है। इस सेंटर पर पहले ही दिन शुक्रवार को 140 युवाओं के द्वारा टीका लगवाया गया। स्टेट हाईवे 44 पर स्थित सियरमऊ गांव में 18 प्लस का वैक्सीनेशन सेंटर ना होने से करीब 20 गांवों के युवाओ को टीकाकरण कराने के लिए परेशानी हो रही थी। गांव में ही टीकारण सेंटर बनाए जाने की मांग पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शुक्रवार को गांव के कन्या छात्रावास में 18 प्लस का वैक्सीनेटर सेंटर बनाया गया। सेंटर पर पहुंच कर पहले ही दिन सियरमऊ व अन्य गावों के 140 युवाओं के द्वारा टीकाकरण कराया गया। यहां पर सरपंच विक्रम शाह, सुशील मिश्रा, अमित शुक्ला, धन्नू खरे, धीरेंद्र प्रताप शाह, किस्सू सोनी, विवेक



## न्यायाधीश गौहरगंज के निर्देशन में बनी कार्य योजना के तहत 211 ग्राम हुए कोरोना मुक्त।

दैनिक सिंगाजी समाचार
ओबेदुल्लागंज ऋषभ यादव

औबेदुल्लागंज(सं)-मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन श्री ओमकारनाथ के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति गौहरगंज की अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा मिश्रा अपर सत्र न्यायाधीश गौहरगंज द्वारा तहसील गौहरगंज के अंतर्गत ग्राम को कोरोना मुक्त करने के लिए कार्य योजना तैयार कर इलेक्ट्रानिक माध्यम व्हटसऐप/ईमेल के माध्यम से ग्रामों के सरपंच, सचिव, पैरालीगल वालेन्टियर को प्रदान की गई थी।जिसमें सरपंच, सचिव, पैरालीगल वालेन्टियर द्वारा ग्रामों में बताई गई कार्ययोजना अनुसार प्रचार प्रसार किया गया, जिसके फलस्वरूप चिकित्सा अधिकारी ओबेदुल्लागंज द्वारा आज मंगलवार दिनांक 7 जून तक प्राप्त जानकारी अनुसार विवाद विहीन ग्राम सहित कुल 211 ग्राम कोराना मुक्त हो चुके है।

**शिविर** • न्यायाधीश ने बेगवा कला ग्राम पंचायत में आने वाले गांवों को सतर्कता बरतने की दी समझाइश

## विधिक सेवा प्राधिकरण ने कोरोना मुक्त गांवों में लगाई चौपाल

भास्कर संवाददाता | सिलवानी

बेगंवा कला ग्राम पंचायत के तहत आने वाले गांव वेंगवा कला, रम्पुरा खुर्द, गैलपुर एवं गगनवाड़ा के कोरोना मुक्त होने पर विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा वेंगवा कला गांव में शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीश नीरज प्रजापति विशेष रुप से उपस्थित रहे।

इस दौरान न्यायाधीश नीरज कुमार प्रजापति ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि कोरोना महामारी से बचने के लिए वैक्सीन आवश्यक रुप से लगवाए। बेवजह घर से न निकले, मास्क लगाए, दिन में कई बार साबुन से हाथ धोए, सामाजिक दूरी का पालन करें। साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए उचित पोषण आहार लेने को प्रेरित किया गया। यहां पर न्यायाधीश के द्वारा लोगों को मास्क व सैनिटाइजर का भी वितरण किया गया।

आयोजित शिविर में जनपद सीईओ रश्मि चौहान, पंचायत सचिव साहब सिंह लोधी, सहायक सचिव सुमन जाटव, पटवारी संजू अजनावे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मीबाई, आशा कार्यकर्ता बबली कुशवाहा, शासकीय अध्यापक रघुवीर साहू, सामाजिक कार्यकर्ता फैजउल्ला खां, शुभम चौरसिया तथा पीएलव्ही कार्यकर्ता प्रहलाद सिंह एवं अन्य ग्रामीण मौजूद रहें। कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए कार्यक्रम में लोगो के द्वारा सहभागिता की गई। विधिक सेवा समिति सिलवानी के अध्यक्ष नीरज कुमार प्रजापति द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्ययोजना ग्राम हो कोरोना मुक्त के आलोक में पूर्व में व्हीसी के माध्यम से शिविर आयोजित किये गये थे। पीएलवी प्रहलाद सिंह रघुवंशी तथा तहसील अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा ग्राम जन में जागरूकता संदेश फैलाया गया।





बैठक में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए लोगों को समझाइश देते न्यायाधीश।

# Success Story

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शहडोल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल की पैरालीगल वालेन्टियर द्वारा समाज सेविका के रूप मे अपने कर्तव्य का निर्वहन किया गया, जिसमें एक गरीब परिवार की कन्या संध्या मिश्रा को गोद लेकर उसकी सहमति से ग्राम कुदरी तहसील सोहागपुर में दिनांक 26.06.2021 को विवाह संपन्न किया गया। इसके साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एक अन्य पी.एल.व्ही. द्वारा कंवर समाजसेवियों के साथ मिलकर इस वर्ष अपने समाज की विधवा शांति सिंह कंवर का विधुर राकेश सिंह कंवर ग्राम कदौड़ी के मध्य पुर्नविवाह का कार्य सम्पन्न कराया, जो वास्वत में एक नारी सम्मान की रक्षा के साथ–साथ दो अधुरे व्यक्तियो को दामपत्य जीवन में खुशहाल रहने का एक पुनीत कार्य है। दो व्यक्तियो को अंधकार से प्रकाश की ओर लाने वाला कार्य मानव जीवन एवं मानवीय दृष्टि से सार्थक पहल है।





***There is no charm equal to tenderness of heart.***

*...........Jane Austen*

# Women Empowerment

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुरहानपुर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुरहानपुर द्वारा दिनांक 09/06/2021 को महिला सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों के मध्य विधिक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण को विधिक जानकारियां प्रदाय की गई। सचिव द्वारा उपस्थित महिलाओं को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं, महिलाओं के अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता योजना, म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015, पॉक्सो अधिनियम की जानकारी दी गई। उपस्थित महिलाओं को योजनाओं के ब्रोसर्स भी वितरित किये गये।

***"There is no limit to what we, as women, can accomplish."***

*---------Michelle Obama*

---

# Resolution of Complaint Received Through Legal Aid Helpline- 15100

| Legal Issues | Non Legal Issues | Total |
|---|---|---|
| 35 | 5 | 40 |

**-----xxx-----**

न्याय सब के लिए

ACCESS TO JUSTICE FOR ALL

# M.P. State Legal Services Authority

574, South Civil Lines, Jabalpur - 482001
Website : mpslsa.gov.in  email : mplsajab@nic.in  Toll Free No. 15100